हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 267, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

पहले देश की हालत थी खराब, अब पीएम मोदी ने बदल दी तस्वीर : योगी

विपक्ष पर खूब गरजे सीएम योगी, बोले- विकास बंद पड़ा हुआ था, भ्रष्टाचार फैला हुआ था

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शुक्रवार को बिजनौर दौरे पर हैं। बिजनौर के जेवीएम बैंक्वेट हॉल में सीएम योगी ने प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजनौर लोकसभा से आरएलडी प्रत्याशी चंदन चौहान और नगीना सुरक्षित सीट से प्रत्याशी ओम कुमार के लिए वोट के अपील करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा विदुर की धरती को नमन करते हुए कहा कि अबकी बार बिजनौर लोकसभा के प्रत्याशी चंदन चौहान के सिर पर जीत का चंदन जरूर लगना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ओम कुमार नहटोर से हमारे विधायक हैं। ओम कुमार जो कि नगीना लोकसभा सीट से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। लगातार यह जनता के बीच में रहते हैं और इन्हें आप वोट देकर जिताने का काम करें। अभी नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई है। हम लोग पहले चरण में प्रबुद्ध लोगों के बीच में जा रहे हैं। प्रबुद्ध लोगों के बीच में जाने के साथ युवाओं और

जनसभाओं में भी हम जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबुद्ध लोगों की बात पर जनता जनार्दन विश्वास करती है। इसलिए हमने सबसे पहले प्रबुद्ध लोगों से आशीर्वाद लेने का काम किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं बिजनौर को देखता हूं तो मुझे ऐसा लगता है कि जो बिजनौर के साथ न्याय होना चाहिए था वह अभी तक हुआ नहीं है। पहले लोग यह सोचते थे कि मुख्यमंत्री यहां पर दोबारा नहीं आएंगे, इसके बावजूद भी मैं यहां दोबारा आया। यहां पर विदुर कुटी जाकर मंदिर के दर्शन भी किए। सीएम योगी ने कहा कि बिजनौर जनपद में मैंने देखा है कि यहां बहुत कम संभावनाएं हैं, जिससे कि यहां की जनता का हित हो सकता है। हमारे जनप्रतिनिधि जो भी प्रस्ताव लाते थे, हमने उस पर काम किया। जब हमें मेडिकल कॉलेज के लिए कहा गया तो हमने तुरंत यहां पर मेडिकल कॉलेज देने का काम किया। बिजनौर सिर्फ बिजनौर नहीं है, बल्कि बिजनौर एक इतिहास की भूमि है। उन्होंने कहा कि महात्मा विदुर उसके अग्रिम पंक्ति के ऋषि मुनियों की परंपरा में आते हैं, जिन्होंने सत्य बोलने की प्रवृत्ति दिखाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने इसीलिए महात्मा विदुर के नाम पर इस मेडिकल कॉलेज का नाम रखा और यह मेडिकल कॉलेज अब बनकर कर तैयार हो चुका है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपके यहां पहले चरण में मतदान है। पहले आप मतदान करना और उसके बाद अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करना। अगर आपका वोट सही जगह जाएगा तो बिजनौर का विकास नहीं रुकेगा।

कहा कि आपका वोट सही दिशा में गया तो आपको महात्मा विदुर जैसा मेडिकल कॉलेज मिला। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को पहले ही भारत रत्न मिल जाना चाहिए था, लेकिन प्रधानमंत्री की अगवाई में पहली बार इस सरकार ने चौधरी चरण सिंह के सम्मान में किसानों के नेता को भारत रत्न देने का काम किया है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस काम के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की छवि बहुत खराब थी। विकास बंद पड़ा हुआ था और यहां पर भ्रष्टाचार फैला हुआ था। 2014 के बाद देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं। कश्मीर में धारा 370 समाप्त हो गई और अब एक देश में एक निशान के साथ-साथ एक संविधान बना है।

'चुनाव प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं'

नई दिल्ली। भारत ने एक बार फिर अमेरिका को साफ तौर पर कहा है कि उसे यहां की लोकतांत्रिक या न्यायिक प्रक्रियाओं में किसी तरह का हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है। दो दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया था। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन इसका अमेरिका पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है। ऐसे में गुरुवार को विदेश मंत्रालय की तरफ से और तल्खी भरा जवाब आया है, जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं। खालिस्तान समर्थक अमेरिकी नागरिक पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़े मामले के बाद यह दूसरा अवसर है जब भारत व अमेरिका के विदेश मंत्रालयों के बीच बयानबाजी हो रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल से जब इस बारे में पूछा गया तो उनका जवाब था कि जैसा कि आप जानते हैं कल भारत ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में अमेरिकी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष अपनी कड़ी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया है। अमरीकी विदेश मंत्रालय की हालिया टिप्पणियाँ अनुचित हैं।

मुख्तार का पोस्टमार्टम खत्म, शव को लेकर परिजन गाजीपुर के लिए हुए रवाना कल होगा अंतिम संस्कार

प्रखर बांदा। जिले मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम खत्म हो गया है। मुख्तार की गुरुवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी, जबकि परिवार वाले धीमा जहर देकर मारने का आरोप लगा रहे हैं। डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड ने कैमरे के सामने शव का पोस्टमार्टम किया। उनके शव को लेकर काफिला गाजीपुर के लिए रवाना हो गया है। शव को लाने की तैयारियां पहले से ही शुरू हो गई थीं। अब्बास की पत्नी निखत भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि कल नमाज के बाद शव सुपुर्द ए खाक होगा। परिवार को

शव मिलने के बाद 26 वाहनों का काफिला पुलिस सुरक्षा में गाजीपुर के लिए निकल गया है। बांदा , चित्रकूट और वाराणसी होते हुए मुख्तार का शव गाजीपुर पहुंचेगा। जेल में बंद दूसरे बेटे अब्बास अंसारी की तरफ से पेरोल की अर्जी को हाईकोर्ट ने सुनने से मना कर दिया है।

आयकर विभाग से कांग्रेस को फिर झटका, 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस किया जारी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार ताजा डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुमार्ना और ब्याज शामिल है। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ चार साल के लिए पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज कर दी थी। हाल ही में कोर्ट ने 2014 से 2017 वर्ष बीच के करों के पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग-अलग आकलन वर्षों से संबंधित चार याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं मूल्यांकन वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित थीं। इससे पहले 22 मार्च को, अदालत ने

2014-15, 2015-16 और 2016-17 के आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई पुनः मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से करीब 105 करोड़ रुपये का बकाया कर वसूलने के आयकर नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के फैसले को बरकरार रखा है। हालांकि, अदालत ने कांग्रेस पार्टी को अपनी शिकायतों के साथ नए सिरे से आईटीएटी में जाने की स्वतंत्रता दी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने हाल ही में आयकर वसूली के खिलाफ आईटीएटी का दरवाजा खटखटाया था और उनके बैंक खातों की वसूली और फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की थी। कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा था कि आयकर विभाग ने सुनवाई के नतीजे का इंतजार किए बिना बैंकों के पास पड़ी शेष राशि को फ्रीज कर दिया। पार्टी ने अपील की थी कि जब तक स्थगन आवेदन का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक विभाग अपनी कार्रवाई रोक दे। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक रूप से 'पंगु' बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी की एक हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के बैंक खातों से जबरन पैसा लिया जा रहा है।

मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच होगी, एक महीने में देनी होगी रिपोर्ट

लखनऊ। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच की जाएगी। जांच के लिए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेड गरिमा सिंह एमएपीएमएलए कोर्ट बांदा को जांच अधिकारी बनाया गया है। जांच की रिपोर्ट एक महीने में देने का आदेश दिया गया है। मुख्तार की बृहस्पतिवार रात दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी जिसके बाद से ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की थी। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया साइट पर कहा था कि हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है। सरकारों पर निम्नलिखित हालातों में से किसी भी हालात में, किसी बंधक या कैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा-

- थाने में बंद रहने के दौरान
- जेल के अंदर आपसी झगड़े में

- जेल के अंदर बीमार होने पर
- न्यायालय ले जाते समय
- अस्पताल ले जाते समय
- अस्पताल में इलाज के दौरान
- झूठी मुठभेड़ दिखाकर
- झूठी आत्महत्या दिखाकर
- किसी दुर्घटना में हताहत दिखाकर

ऐसे सभी संदिग्ध मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह गैर कानूनी हैं। जो हुकूमत जिंदगी की हिफाजत न कर पाये उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं। उप्र सरकारी अराजकता के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ये यूपी में कानून-व्यवस्था का शून्यकाल है।

बसपा एमएलए हत्याकांड में सभी 6 आरोपियों को उम्रकैद की सजा, सीबीआई कोर्ट का फैसला

प्रयागराज। बसपा विधायक राजू पाल हत्या के सात आरोपियों को सीबीआई लखनऊ की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों में माफिया अतीक अहमद के तीन शॉर्प शूटर फरहान, आबिद और अब्दुल कवि भी शामिल हैं। इसके अलावा जावेद, इसरार, रंजीत पाल और गुल हसन को भी कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड के दो आरोपी माफिया अतीक अहमद और अशरफ की मौत हो चुकी है। छह आरोपियों को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है, जबिक एक अन्य आरोपी फरहान को अदालत ने आर्म्स एक्ट में चार साल की सजा सुनाई है। 25 जनवरी 2005 दिन मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे का वक्त था। शहर पश्चिमी के बसपा विधायक राजू पाल एसआरएन अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस से दो गाड़ियों के काफिले में साथियों संग धूमनगंज के नीवां में घर लौट रहे थे, तभी

सुलेमसराय में जीटी रोड पर उनकी गाड़ी को घेरकर गोलियों की बौछार कर दी गई। राजू पाल खुद क्वालिस चला रहे थे। उनके बगल में दोस्त की पत्नी रुखसाना बैठी थीं जो उन्हें चौफटका के पास मिली थीं। इसी गाड़ी में संदीप यादव और देवीलाल भी थे। पीछे स्कार्पियो में ड्राइवर महेंद्र पटेल और ओमप्रकाश और नीवां के सैफ समेत चार लोग लोग थे। दोनों गाड़ियों में एक-एक सशस्त्र सिपाही थे। आसपास के लोग अब भी सरेराह गोलियों की तड़तड़ाहट को याद कर सिहर उठते हैं। पति के हत्यारों को सजा दिलाने के बाद विधायक पूजा पाल बोलीं- सिर्फ मेरी नहीं अतीक अहमद गैंग से पीड़ित हर शख्स को आज इंसाफ मिला है। वह कोर्ट के फैसले का सम्मान करती हैं। 19 सालों से चल रहा संघर्ष रंग लाया है। इस लड़ाई में जिसने भी सहयोग किया सबका धन्यवाद आभार।

सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता भाजपा में हुए शामिल, डिप्टी सीएम बोले- हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हैं

लखनऊ। यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में शुक्रवार को सपा, बसपा व कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ले ली। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आएं। आप सभी को अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने के लिए जुट जाना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर), समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा (कानपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह (फतेहपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन (लखनऊ), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमैन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 300 फुट गहरी खाई में गिरी एसयूवी कार, 10 लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू संभाग के जिले रामबन में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू की ओर आ रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घरोटा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान चल रहा है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति ने कहा, 'जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक गाड़ी के खाई में गिरने से अनेक लोगों के हताहत होने के समाचार बहुत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।' उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रामबन सड़क हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। एक शोक संदेश में उपराज्यपाल ने कहा, 'आज रामबन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख लगा, जिसमें बहुमूल्य जानें चली गईं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने

जिला प्रशासन और संभागीय आयुक्त को पीड़ितों के परिजनों को सभी सहायता प्रदान करने के निर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने हादसे की जानकारी मिलते ही डीसी रामबन बसीर-उल-हक से बात की। पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वह लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना जताई। रामबन सड़क हादसे पर विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। पीडीपी ने हादसे पर दुख जताते हुए उपराज्यपाल से पीड़ित परिवारों को त्वरित चिकित्सा सहायता और राहत प्रदान करने की अपील की। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन, अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी ने भी हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की है। डीपीएपी प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने भी रामबन सड़क हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले के बैटरी चश्मा के पास एक टैक्सी के गहरी खाई में गिर जाने से 10 लोगों की मौत खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। एसडीआरएफ और पुलिस के साथ-साथ रामबन, बनिहाल और रामसू के स्थानीय गैर सरकारी संगठन बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। इस हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति उन्होंने हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

सी-विजिल एप से मिलीं 79 हजार शिकायतें, चुनाव आयोग का दावा- 99 फीसदी का हुआ समाधान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79,000 से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है । उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति को नष्ट करने को लेकर थी। डराने-धमकाने की 535 शिकायतों में से 529 का समाधान हो चुका है। एक हजार शिकायतें निषिद्ध अवधि के बाद प्रचार करने से संबंधित थी। बता दें कि 16 मार्च को सात चरण के चुनाव की घोषणा की गई थी और मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा, जो कि एक जून तक चलेगा। नतीजे चार जून को जारी होंगे।

संपादकीय

घाटी की सुरक्षा

इसमें दो राय नहीं कि देश की अखंडता को चुनौती और कानून व्यवस्था के गंभीर संकट के बीच सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा अस्तित्व में आया होगा। हालांकि, नागरिक स्वतंत्रता के अतिक्रमण और कई बार सुरक्षा बलों के अभियानों में चूक के चलते हुई जनक्षति के चलते इसकी सार्थकता को लेकर विमर्श देश में चलता रहा है। इसके खिलाफ लंबे आंदोलन भी हुए और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़े संगठन इसका मुखर विरोध भी करते रहे हैं। यद्यपि देश की सरकारें इसे अराजकता व अतिवाद के उपचार के साधन के रूप में देखती रही हैं। बहरहाल, अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अफस्पा हटाने के संकेत का स्वागत ही किया जाना चाहिए। जिसके बाद नागरिक स्थलों की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस को सौंपा जा सकता है। निश्चित रूप से इसे घाटी में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। गृह मंत्री ने यथाशीघ्र इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने व कानून व्यवस्था पुलिस को सौंपे जाने के संकेत दिये हैं। निश्चित रूप से घाटी में पिछले कुछ समय में कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया है। सीमा पर कड़ी चौकसी और आतंकवादी संगठनों का वित्त पोषण करने वाले व्यक्तियों व संगठनों पर नकेल कसी गई है। कइयों की संपत्ति की कुर्की, गिरफ्तारी तथा बैंक खातों को सील करने की कार्रवाइयां हुई हैं। जिसके चलते अलगावादियों की गतिविधियों पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी मिली है। ऐसे में राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। ऐसे में अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है। वैसे भी नागरिक प्रशासन से जुड़े स्थानों पर सैन्य बलों की तैनाती लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की दृष्टि से अच्छी नहीं कही जा सकती है। उम्मीद के अनुरूप गृहमंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने की टिप्पणी का विभिन्न राजनीतिक दलों व वरिष्ठ नौकरशाहों ने स्वागत ही किया है। जो राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया आरंभ करने की दिशा में पहला व निर्णायक कदम माना जा रहा है। जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने से पहले वर्ष 2008 से 2018 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे सीनियर ब्यूरोक्रेट एन.एन. वोहरा का मानना है- ह्यजम्मू कश्मीर में विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाकर कानून-व्यवस्था राज्य पुलिस को सौंपने का संकेत एक सार्थक पहल होगी। उन्होंने देश के उन अन्य क्षेत्रों में ऐसी पहल की जरूरत बतायी, जहां आंतरिक सुरक्षा के लिये लंबे समय से सैन्य बलों को तैनात किया गया है। उनका मानना है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखना राज्य पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। जिससे सेना को उसके वास्तविक काम पर लौटने में मदद मिल सकेगी।ह्ल निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकारों की बहाली सत्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। सैन्य बलों की कार्यशैली में नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। निश्चित रूप से नागरिकों से जुड़े कानूनी पहलुओं का क्रियान्वयन व कार्यशैली लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की मांग करते हैं। यही वजह है कि जाने-अनजाने में कई निर्दोष लोगों के सैन्य बलों की कार्रवाई की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। पुलिस की भूमिका जहां कानून व्यवस्था बनाये रखने की होती है, वहीं उसे स्थानीय विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का अनुभव भी होता है। निश्चित रूप से जोड़ने का जो काम सुई कर सकती है, उसकी जगह तलवार का उपयोग अतार्किक ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा। सरकारी योजनाओं में जनता की भागीदारी में वृद्धि होगी। साथ ही राज्य में विधानसभा चुनावों के अनुकूल वातावरण बनाने में भी मदद मिलेगी। केंद्र सरकार की तरफ से पहल होनी चाहिए कि राज्य में रोजगार के अवसरों को विशेष जरूरत मानकर बढ़ाया जाए। ताकि बेरोजगारी का फायदा उठाकर अलगाववादी ताकतें उन्हें पथभ्रष्ट करने की कुत्सित कोशिश न कर सकें।

आग ना लगाओ!

व्यर्थ की इन बातों को ।
मुद्दा ना बनाओ ।।
और भी हैं मुद्दे ।
उनको राह दिखाओ ।।
शांति और खुशहाली में ।
आग ना लगाओ ।।
क्या सही क्या गलत ।
जन जन तक पहुंचाओ ।।
तूल देने से बचो ।
बातें व्यर्थ वालीं ।।
बन रहा है कब से ।
पुलाव बस खयाली ।।
हवा हवाई से केवल ।
है होता नुकसान ।।
देर हो रही होने में ।
पुनः विराजमान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

पश्चिमी यूपी का आजम बनने की चाहत में कट गया मुरादाबाद के सांसद का पत्ता

अजय कुमार

पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीट मुरादाबाद का मिजाज हमेशा यहां के मुस्लिम वोटर तय करते हैं। इसीलिये यहां बीजेपी आसानी से अपने कदम नहीं जमा पाती है। 17 बार हुए लोकसभा चुनाव में यहां से सिर्फ दो बार 1967 और 1977 में भारतीय जनसंघ का प्रत्याशी जीता था, जबकि 2014 में मोदी लहर में बीजेपी के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह विजयी हुए थे। बाकी के चुनावों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और जनता पार्टी या जनता दल का प्रत्याशी ही जीतता रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से एसटी हसन चुनाव जीते थे। एसटी हसन एक काबिल नेता हैं, उनकी सियासी महत्वाकांक्षा भी काफी अधिक है, लेकिन उनकी यह महत्वाकांक्षा आजम खान के रहते पूरी नहीं हो पा रही है। जब से पश्चिमी यूपी में समाजवादी पार्टी के कद्दार मुस्लिम चेहरा आजम खान कोर्ट कचहरी के चक्कर में पड़े हैं तभी से एसटी हसन पश्चिमी यूपी में आजम खान की जगह अपने आप को स्थापित करने में लगे थे, इस बात का अहसास बुरे दौर से गुजर रहे आजम खान को भी था, लेकिन वह समय का इंतजार करते रहे और जब चुनाव का बिगुल बजा तो आजम ने अपनी ताकत दिखा कर एसटी हसन का घोषित हो गया टिकट कटवा दिया, ऐसा तब हुआ जब वह नामांकन भी कर चुके थे। समाजवादी पार्टी ने नामांकन के अंतिक दिन आखिरी घंटे में एसटी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा को उम्मीदवार बना दिया है। यह सब तब हुआ जब अखिलेश यादव ने सीतापुर की जेल जाकर आजम खान से मुलाकात की थी, बताया जा रहा है कि आजम नाराज चल रहे थे और उन्होंने जनता से चुनाव का बहिष्कार करने तक का आहवान कर डाला था, जिसका सीधा असर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों पर पड़ता। आजम नाराज थे कि क्यों बिना उनकी मर्जी के

मुरादाबाद और रामपुर का टिकट घोषित किया गया। इसी के बाद एसटी हसन का टिकट काट कर आजम पूर्व विधायक रूचि वीरा का मुरादाबाद से सपा का प्रत्याशी घोषित कर दिया गया।

पूर्व विधायक रुचि वीरा सपा के कद्दावर नेता आजम खान की करीबी मानी जाती है। एसटी हसन के समर्थकों ने आजम खान पर गंभीर आरोप लगाया है। समर्थकों का कहना है कि एसटी हसन का टिकट सपा नेता आजम खान के इशारे पर काटा गया है। फिलहाल अब मुरादाबाद सीट से आजम की करीबी रुचि वीरा सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गई हैं। इसको लेकर मुरादाबाद के जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने आधिकारिक घोषणा भी कर दी है। वहीं, एसटी हसन ने नामांकन वापस लेने का ऐलान कर दिया है।

दरअसल, इस पूरे घटनाक्रम की कहानी सीतापुर जेल में शुरू हुई थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव बीते 22 मार्च को आजम खान से मुलाकात करने सीतापुर जेल पहुंचे थे। उस मुलाकात के दौरान सपा के कद्दावर नेता आजम खान ने दो शर्तें रखी थीं, जिसमें से एक शर्त मुरादाबाद सीट से रुचि वीरा को उम्मीदवार घोषित करने की थी। रुचि वीरा आजम खान की बेहद करीबी मानी जाती हैं। साथ ही दूसरी शर्त आजम खान ने अखिलेश यादव को खुद रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की रखी थी, लेकिन उसके बावजूद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसटी हसन का नाम 24 मार्च को मुरादाबाद सीट से घोषित कर दिया था।

मुरादाबाद से सांसद एसटी हसन को उम्मीदवार घोषित करने के बाद सपा के कद्दावर नेता आजम खान ने जेल में रहकर ही खेल कर दिया है। उधर, रामपुर सीट से उम्मीदवार घोषित न होने के चलते मंगलवार को रामपुर की सपा जिला इकाई ने बैठक कर दी। बैठक में रामपुर सीट से अखिलेश यादव के चुनाव न लड़ने की स्थिति में चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। मंगलवार को जहां रामपुर का सियासी पारा बढ़ रहा था तो वहीं दूसरी ओर आजम खान की करीबी रुचि वीरा लखनऊ पहुंच गईं। रुचि वीरा ने अखिलेश से मुलाकात करने के बाद अपना सिंबल लेकर मुरादाबाद के लिए रवाना हो गईं, क्योंकि अगले दिन यानी बुधवार को नामांकन का आखिरी दिन था। समाजवादी पार्टी के पहले से घोषित उम्मीदवार एसटी हसन ने अपना नामांकन किया था, लेकिन शाम होते ही उनके टिकट पर संशय पैदा हो गया था। आजम खान की करीबी रुचि वीरा को मुरादाबाद सीट से सिंबल मिलने और घोषित उम्मीदवार एसटी हसन का टिकट कटने की सूचना मिलते ही एसटी हसन के करीबी समर्थकों ने रुचि वीरा के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी थी। फिलहाल बुधवार को रुचि वीरा के नामांकन करने के बाद मुरादाबाद की पूरी तस्वीर साफ हो गई है। आजम खान की करीबी एवं पूर्व विधायक रुचि वीरा समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी हो गईं। टिकट कटने के बाद सपा सांसद एसटी हसन ने कहा कि टिकट होना या न होना वो एसटी हसन की शख्सियत को खत्म नहीं कर सकता है। जो आइडियोलॉजी हमारी है, वो आइडियोलॉजी मुलायम सिंह यादव की थी और जो आइडियोलॉजी अखिलेश यादव जी की है, हम उसी के साथ हैं। एसटी हसन ने कहा कि मैं मुस्लिम वर्ग से आता हूं। अखिलेश ने ही मुझे पार्लियामेंट भेजा था। उन्होंने कहा कि अब सपा के उम्मीदवार नहीं हैं। अपना पर्चा वापस लेंगे। इसके साथ ही एसटी हसन ने कहा कि जब एक बार टिकट दे चुके थे तो कोई कारण तो नहीं था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ही बेहतर बता पाएंगे कि टिकट क्यों काटा गया है। सपा नेता ने कहा कि अखिलेश पार्टी के नेता हैं, जिसको चाहें लड़ाएं, जिसको चहें न लड़ाएं। बहरहाल, आजम खान से सौ सुनार की एक लुहार की वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हसन साहब को आइना दिखा दिया है।

गाजा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम की जरूरत

ललित गर्ग

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इजराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। गाजा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और जरूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है।

छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इजराइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इजराइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इजराइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है।

गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इजराइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इजराइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इजराइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इजराइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इजराइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इजराइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं। बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमाम और इजराइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्धरत देशों को युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए। जब तक युद्धरत देशों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है।

चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है। दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं।

भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहेड़िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवाड़ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है। अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनगढ़ सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर इसके बावजूद उनको प्रत्याशी बनाया गया है। भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है। राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

प्रखर वाराणसी। विज्ञान मानव के लिए कामधेनु है ,कल्पतरु है ,प्राणी मात्र के लिए अमृत कुंड है ,जीवन दायिनी शक्तिपुंज है प्रकृति की गुप्त निधियों के द्वार खोलने की कुंजी है । विश्व को पारिवारिक रूप प्रदान करने का माध्यम है। विज्ञान मानव कल्याण का नेत्र है जो अहर्निश मानव कल्याण की चिंता में लिन है। इसी सकारात्मक भाव के साथ राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कंपोजिट विद्यालय शिवपुर के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व में समस्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय में से प्रत्येक विद्यालय से चयनित 6 छात्रों ने ब्लॉक स्तरीय आयोजित क्विज में प्रतिभाग करने के उपरांत प्रत्येक विकासखंड से 11 बच्चों को चयनित किया गया। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रस्तुत करने वाले समस्त 99 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का

शुभारंभ श्री हिमांशु नागपाल (आईएएस) मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान वाराणसी के प्राचार्य श्री उमेश कुमार शुक्ल, श्री अरविंद कुमार पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी, श्री जयराम सिंह, उप जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी, श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज जखनी वाराणसी, डॉ अनीता गिरी, प्रवक्ता, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर वाराणसी, डॉ प्रिंस कुमार गुप्ता ,प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान वाराणसी रहे। उनका सहयोग करने के लिए जनपद वाराणसी के एसआरजी त्रय उनके साथ रहे। कार्यक्रम के आरंभ में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवपुर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत पर भावपूर्ण नृत्य किया गया। मंचस्थ अतिथियों के लिए स्वागत भाषण और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश जनपद वाराणसी के लोकप्रिय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी डॉ अरविंद पाठक ने इसकी सार्थकता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी श्री हिमांशु नागपाल जी ने अपने प्रेरणादाई संबोधन में छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए भारतवर्ष के विकास में अपना योगदान देने और इतनी अच्छी मॉडल बनाने के लिए और साइंस को बेहतर और आसानी से समझने के लिए अपना स्किल डेवलपमेंट करने के लिए उनको बहुत सारी शुभकामनाएं दी बधाइयां दी । डायट प्राचार्य श्री उमेश कुमार शुक्ल जी ने बड़े ही सारगर्भित और बड़े ही तन्मयता के साथ बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए समस्त मॉडलों को काफी बारीकी से जांचा परखा और उस पर अपनी राय व्यक्त की। साथ ही साथ मंच से उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट मॉडल की प्रशंसा की । कुल 99 छात्रों द्वाराप्रतिभाग किया गया जिन्हें प्रमाण पत्र और पुरस्कार, स्कूल बैग स्टेशनरी आदि वितरित किए गए। प्रथम द्वितीय तृतीय को कप दिए गए साथ ही साथ उन्हें क्रमशः 10000, 7500 और 5000 का चेक प्रदान किया गया। तथा 7 सांत्वना पुरस्कार दिया गया जिसमें ट्रॉफी प्रमाण पत्र तथा 2500 का चेक दिया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र मुख्य विकास अधिकारी महोदय, डायट प्राचार्य और बीएसए महोदय के हाथों वितरित किया गया। मंचस्थ अतिथियों का स्वागत बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी, खंड शिक्षा अधिकारीगण वाराणसी तथा डीसी प्रशिक्षण डॉ भोला विश्वकर्मा द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन डीसी प्रशिक्षण डॉ भोला विश्वकर्मा तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ आशुतोष कुमार पांडेय एआरपी, हरहुआ तथा संपूर्ण व्यवस्था श्री मनीष कुशवाहा ARP चिरईगांव द्वारा किया गया।

दो शातिर चोर को फर्जी नम्बर प्लेट लगी बाइक के साथ किया गिरफ्तार

दुबहर, बलिया। स्थानीय थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक बलिया देवरंजन वर्मा के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन में स्थानीय पुलिस

को मिली सफलता। ज्ञात हो कि बृहस्पतिवार को स्थानीय पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक सवार आ रहे हैं। सूचना पाकर एस आई विश्वदीप सिंह व एस आई मोतीलाल मय हमराही फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र अन्तर्गत जनाड़ी चौराहा से सुबह लगभग 9.25 बजे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में बाइक सवारों ने अपना नाम पंकज कुमार यादव उर्फ दीपू यादव पुत्र स्व. रामचन्द्र यादव निवासी शंकरपुर थाना बांसडीह रोड बलिया व पवन कुमार यादव पुत्र लालजी यादव निवासी शिवपुर चोरवा थाना दुबहर बलिया बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगा कर चोरी की एक अदद HONDA की मोटरसाईकिल CB HORNET 160 ब्लैक कलर बरामद हुआ तथा अभियुक्त पंकज कुमार यादव उर्फ दीपू यादव पुत्र स्व. रामचन्द्र यादव निवासी शंकरपुर थाना बासडीह रोड बलिया के तलाशी से एक अदद अवैध तमन्चा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतुस 12 बोर बरामद तथा अभियुक्त पवन कुमार यादव पुत्र लालजी यादव निवासी शिवपुर चोरवा थाना दुबहर बलिया के जामातलाशी लेने पर एक अदद अवैध नाजायज चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए या मा.न्यायालय बलिया भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई विश्वदीप सिंह, एस आई मोतीलाल, मनोज कुमार,धर्मेन्द्र कुमार यादव, आलोक सिंह, आशीष पाण्डेय, सर्वजीत यादव, राहुल सरोज, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

रामनगर मंडल ने किया टिफिन बैठक की तैयारी वरिष्ठ प्रभारियों ने भरा जोश

रामनगर। भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर की एक आवश्यक बैठक 28/03/2024 दिन गुरुवार शाम 4:00 बजे बलुआ घाट रामनगर पर मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें आगामी 31 मार्च 2024 को होने वाले टिफिन बैठक पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। बैठक के मुख्य तिथि लोकसभा समन्वयक एवं विधान परिषद सदस्य आदरणीय श्री अश्वनी त्यागी जी भाई साहब एवं महानगर अध्यक्ष आदरणीय श्री विद्यासागर राय जी के उपस्थिति में हुई जिसमें अश्वनी त्यागी जी ने कहा आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने भारत के विकास के लिए नए आयामों को छुआ है हमारा देश दिन प्रतिदिन तरक्की के पथ पर अग्रसर हैं। मोदी द्वारा जन कल्याण की योजनाएं चलाई जा

रही हैं जो कि आमजन के हित के लिए हैं आमजन इनका अधिक से अधिक फायदा उठाएं परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर भोजन करने से आत्मीयता बढ़ती है। वही विद्यासागर राय जी ने संगठन पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा हम सभी अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने पर जोर दे जिससे मोदी परिवार टिफिन बैठक शानदार ढंग से सम्पन्न हो सके । बैठक में मुख्य रूप से महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता जी नंदलाल चौहान संतोष द्विवेदी अशोक जायसवाल लल्लन सोनकर अमित सिंह 'चिंटू' अर्जुन शर्मा मनोज यादव अंकित राय जितेंद्र पांडेय बबलू साहनी श्याम सेठ सुनील श्रीवास्तव पंकज बारी संजय बाल्मिकी धीरेंद्र प्रताप सिंह अमृता दुबे अन्नपूर्णा मौर्य सुरेंद्रनाथ श्रीवास्तव गुलाब बिंद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बड़ागांव पुलिस ने 60 लाख की हेरोइन के साथ गाजीपुर निवासी तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

प्रखर वाराणसी। मादक पदार्थों के खिलाफ वाराणसी कमिश्नरेट का हंटर लगातार चल रहा है . अभियान के तहत बड़ागांव पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है . बड़ागांव पुलिस ने वाराणसी में हीरोइन की सप्लाई देने के लिए खड़े तीन तस्करों को अरेस्ट किया है . इसका खुलासा डीसीपी गोमती जोन मनीष शांडिल्य ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में किया. उनके साथ एडीसीपी आकाश पटेल और एसीपी पिंडरा भी मौजूद रहे . इस सराहनीय प्रयास के लिए पुलिस टीम को 25 हजार के नगद इनाम की घोषणा की .होने के बाद मादक पदार्थ की तस्करी रोकने का अभियान तेज कर दिया गया है . बड़ागांव थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा अपनी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि ईदीलपुर मोड़ पर एक एक्सयूवी महिंद्रा खड़ी थी , लेकिन तीन युवक थे . पुलिस ने शक के आधार पर जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो वाहन के ड्रावर के पास से एक सफेद रंग के थैले में रखा भूरे रंग का पाउडर (हेरोइन) बरामद हुआ . हेरोइन की मात्रा 268.47 ग्राम है जिसकी अनुमानित कीमत 60 लाख रुपये आंकी गई है . पास में खड़े एक मोटरसाईकिल यमाहा को भी अपना होना बताया . पुलिस ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया है .डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों दिलदारनगर गाजीपुर के मूल

निवासी है . जिनकी पहचान सैफअली खान , मोहम्मद मारुफ खान और अमानत खान है . अमानत खान मीरापुर चांदमारी थाना शिवपुर में अस्थाई निवास करता था. तीनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह खरीदार को नमूना लेकर दिखाते हैं और पसन्द होने पर माल को बेच देते हैं . वह लोग खरीदार का इन्तजार कर रहे थे . तीनों ने बताया कि उन्हें यह हेरोइन कैमूर (बिहार) से उठाया था और ईदीलपुर मोड़ पर कस्टमर के आने का निर्देश मिला था . हालांकि अभी कस्टमर की पहचान नहीं बताई गई थी . पुलिस को अभी तीनों का कोई अपराधिक इतिहास नहीं मिला है . जिससे पुलिस मान रही है कि तीनों अभी इस फिल्ड में नए खिलाड़ी है .डीसीपी ने बताया कि जरूरत पड़ी तो पुलिस कस्टडी रिमांड लेकर पूछताछ में इनके सिंडिकेट का पता लगाया जाएगा . आखिर इन्हे कौन हीरोइन की सप्लाई देता था और वाराणसी में इनका कस्टमर कौन है ? इस पूरे गैंग पर काम चल रहा है , जल्द ही उसका भी पदार्फाश किया जाएगा . गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा के अलावा चौकी प्रभारी हरहुआ शिवानन्द सिसौदिया , दरोगा सुनील कुमार गौड़ , दरोगा अमित कुमार पाण्डेय , दरोगा विवेकानन्द द्विवेदी , दरोगा प्रवीण सचान , हेड कांस्टेबल रामविलास यादव , अरमान आलम , कांस्टेबल अंकित सरोज , अभिषेक वर्मा , पंकज सिंह , दुर्गेश कुमार सिंह , रविरंजन कुमार शामिल रहे।

जवान की अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में उमड़ा लोगों का हुजूम

सिकन्दरपुर (बलिया)। खेजुरी थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ाडीह के रहने वाले एक सीआरपीएफ जवान का रांची में तैनाती के दौरान बीमार रहने से निधन हो गया। जवान के निधन की खबर सुन पूरे परिवार में मातम छा गया। गुरुवार को सीआरपीएफ 95 बटालियन वाराणसी की एक कंपनी अपने सहायक कमांडेंट हनुमान सिंह और इंस्पेक्टर दिनेश सिंह यादव के नेतृत्व में जवान का शव बाबतपुर एयरपोर्ट से लेकर उनके गांव भूड़ाडीह पहुंची तो घर में चीख-पुकार मच गई। मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। जवान की अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में हुजूम उमड़ पड़ा। बताते चलें कि खेजुरी थाना क्षेत्र के गांव भूड़ाडीह निवासी सीआरपीएफ के जवान अख्तर हुसैन खान 58 वर्ष 1985 में सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में सीआरपीएफ में एसआई के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी तैनाती रांची में थी। ड्यूटी के दौरान बीमार रहने के कारण उनका इलाज मुंबई के टाटा अस्पताल में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान ही मुंबई के

अस्पताल में उनका निधन हो गया। गुरुवार को सीआरपीएफ की कंपनी जवान का पार्थिव शरीर लेकर पैतृक गांव पहुंचे। सीआरपीएफ के जवान का शव देख घर के बुजुर्ग बिलख पड़े। इसके बाद गांव में राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्दे खाक की गई। परिजनों और रिश्तेदारों के साथ ही आसपास के लोगों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

स्माजवादी जनों ने की मुख्तार अंसारी के निधन पर शोकसभा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में मऊ के पुर्व विधायक मुख्तार अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा के पश्चात जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में पार्टी के प्रमुख नेताओ ने मुहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के आवास पर पहुंचकर उनके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी और भतीजे विधायक मन्नू अंसारी से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनके निधन पर शोक और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की संवेदनहीनता और साजिश के चलते मुख्तार अंसारी को अपनी जान गंवानी पड़ी है। अदालत में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के दौरान जेल मे खाने में जहर देने की शिकायत की थी इसके बावजूद भी सरकार ने उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नही दिया। जिसके वजह से मुख्तार अंसारी जी

का दुखद अंत हुआ। समाजवादी पार्टी योगी सरकार के इस कुकृत्य और घोर लापरवाही की निन्दा करती है। उन्होंने इस घटना की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग किया। विधायक डॉ विरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जुल्म की इंतहा कर रही है। इस सरकार के अंदर मानवीय संवेदना नाम की कोई चीज नही है यह सरकार न्यायिक प्रक्रियाका घोर उल्लघंन कर रही है। इस सरकार का न तो लोकतंत्र में विश्वास है न संविधानमें। पूरा का पूरा तानाशाही रवैय्या अपना रखा है इस सरकार ने।उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और नैतिक कर्तव्य है। यदि इसी तरह से जेलों में,थानों में,न्यायालय ले जाते समय, अस्पताल ले जाते समय, झूठी मुठभेड़ दिखाकर, झूठी आत्महत्या दिखाकर किसी दुर्घटना में हताहत दिखाकर ऐसी भी किसी भी हालात में मृत्यु होना न्यायिक प्रक्रिया से विश्वास जनता का विश्वास उठा देगा। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि जो हुकूमत जिंदगी की हिफाजत न कर पाये उसे सत्ता मे बने रहने का कोई अधिकार नही है। यह सरकार विरोधी दलों के नेताओ के साथ बदले की भावना से कारवाई कर रही है। यह सरकार विपक्ष को पूरी तरह से कुचलना चाहती है। इस शोक सभा में और मुहम्मदाबाद पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव राजेशकुशवाहा, पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, पुर्व विधायक त्रिवेणी राम, जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, अशोक कुमार बिंद, सदानंद यादव आमिर अली, डॉ समीर सिंह, कमलेश यादव, दिनेश यादव, जमुना यादव राजेन्द्र यादव, अवधेश यादव उर्फ राजू यादव,सत्येन्द्र यादव उर्फ सत्या, विभा पाल, रीना यादव, कंचन यादव, अरविन्द कुशवाहा, यशपाल, रामाशीष यादव, विजय शंकर यादव, सुग्गु यादव, संतोष यादव, सिंकदर कन्नौजिया, बसन्त यादव, कृष्णा, रजनीकांत यादव, अरुण यादव, आदि उपस्थित थे। इस शोक सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

संक्षिप्त खबरें

लोक कल्याणार्थ गंगा पूजन, रुद्राभिषेक व गंगा आरती का आयोजन

दुबहर, बलिया। स्थानीय क्षेत्र के नगवा गंगा घाट पर बाल संत धनुष दास के अवतरण दिवस के अवसर पर लोक कल्याणार्थ गंगा पूजन, रुद्राभिषेक व गंगा आरती का आयोजन किया गया। पंडित अवनीश कुमार उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया। गंगा आरती में क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर सबकी मंगल कामनाएं की। आरती से पहले उपस्थित श्रद्धालुओं ने घाट की साफ सफाई किया। इस अवसर पर बाल संत धनुष दास जी महाराज ने कहा कि गंगा एक नदी ही नहीं, हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत है। गाय, गंगा की रक्षा करना हम समस्त देशवासियों का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश पाठक, जयराम पाठक, वशिष्ठ मुनि पाठक, भाजपा नेता आदर्श पाठक, सर्वेश, विवेकानंद शर्मा, पिंटू पाठक, प्रियांशु, उमेश, सुनील, रामजी पासवान आदि मौजूद रहे।

बस को ओवरटेक करते समय बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

रतसर (बलिया)। बलिया रसड़ा मार्ग पर माधोपुर चीनी मिल के पास बुधवार को देर शाम बस को ओवरटेक करते समय बाइक सवार गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर कलां निवासी राजेश कुमार पाण्डेय उर्फ मंटू पाण्डेय(38) पुत्र स्व०सुरेश पाण्डेय और रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के सोनईडीह निवासी मुन्ना (35) पुत्र इंद्रदेव राम सामने से आ रहे टेंपो से टकराकर बुरी तरह घायल हो गये।दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे लोंगो द्वारा घायल दोनों युवकों को रसड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उचित इलाज के लिए परिजनों द्वारा उन्हें मऊ स्थित एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने राजेश कुमार पाण्डेय मंटू को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर रसड़ा कोतवाली पहुंचे और घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जरूरी कार्यवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। इधर मंटू पाण्डेय की मौत की खबर से माहौल गमगीन रहा। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था।

सड़क दुर्घटना में चालक घायल

बिल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना के बेल्थरारोड मधुबन राज मार्ग पर बुधवार की देर शाम करीब 7 बजे ग्राम सभा बभनियाव के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में तेज रफ्तार एक ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें ई रिक्शा चालक मोनू कुमार 24 वर्ष निवासी ग्राम भागलपुर जनपद देवरिया गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी सीयर में प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल किया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गम्भीर हालत देखते हुए जिला सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया मिली जानकारी के अनुसार बभनियाव ग्राम सभा के पास एक टैक्टर ट्राली खराब हो जाने से सडक किनारे खडा था। बेल्थरा रोड के तरफ से आ रहे। तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर टैक्टर ट्राली में जा टक्कर जिसमें ई रिक्शा परखचच्चे उड़ गए और ई रिक्शा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

नफर अभियुक्त गिरफ्तार

सहतवार बलिया। पुलिस अधीक्षक बलिया देव रंजन वर्मा के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के सफल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बांसीडह प्रभात कुमार व प्रभारी थाना सहतवार के कुशल नेतृत्व में थाना सहतवार पुलिस को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.03.2024 को उ0नि0 अशोक कुमार शुक्ला मय हमराह SIUT शिवम कुमार, मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अवैध कच्ची देशी शराब बनाने वाला 01 नफर अभियुक्त शिवजी पासवान पुत्र अक्षयवर पासवान निवासी भोपतपुर थाना सहतवार जनपद बलिया को समय करीब 21.05 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध शराब निष्कर्षण के सम्बन्ध में एक अदद प्लास्टिक पिपिया मे 28 लीटर अपमिश्रित कच्ची देशी शराब व एक अदद प्लास्टिक बोरी के थैले मे अलग-2 पन्नी मे रखी हुई 600 ग्रा0 यूरिया, 280 ग्रा0 चुना व 120 ग्रा0 नौसादर, बिक्री के 340 रु0 नगद बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय बलिया रवाना किया गया।

शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की निर्मम हत्या से प्रदेश के माध्यमिक शिक्षकों में उबाल

सुखपुरा (बलिया)। मुजफ्फरनगर में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की निर्मम हत्या से प्रदेश के माध्यमिक शिक्षकों में उबाल आ गया था। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा के सभी घटकों तथा राजकीय शिक्षक संघ के घटकों की संयुक्त बैठक में मूल्यांकन बहिष्कार करने सहित शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के आश्रित को 2 करोड रुपए आर्थिक सहयोग, उनके सेवानिवृत्ति की तिथि का वेतन तथा शिक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण के कार्य से मुक्त करने की मांग को लेकर प्रदेश स्तर पर बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया गया था। शिक्षकों की व्यापक एकता से मूल्यांकन कार्य अवरोध हो गया था। विभाग/ शासन इसको इसकी गंभीरता को देखते हुए, धर्मेंद्र कुमार के आश्रित को तत्काल 25 लाख रुपया देने का आदेश तथा शिक्षकों को मूल्यांकन के उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण कार्य से मुक्त करके केवल शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से उक्त कार्य कराए जाने का आदेश बोर्ड के सचिव द्वारा दिया गया है। फिर भी अध्यापक अपनी शेष मांगों के प्रति आड़े रहे। तथा शासन को उसके आगे झुकना पड़ा। शिक्षा निदेशक की संस्कृति पर शासन ने धर्मेंद्र कुमार की पत्नी को और असाधारण पेंशन उनके अंतिम मूल वेतन दिए जाने का आदेश निर्गत करते हुए। अध्यापकों से मूल्यांकन कार्य में सहयोग करने की अपील किया गया ।बुधवार को संघो की संयुक्त बैठक में छात्र हित को देखते हुए मूल्यांकन कार्य पर शिक्षक वापस आ गए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया की असधारण पेंशन जो मूल वेतन के बराबर स्वीकृत किया गया है। उसे आश्रित परिवार को काफी राहत मिलेगी। शिक्षक को सेवानिवृत होने पर उसे अंतिम मूल वेतन का 50% पेंशन, तथा 30% पारिवारिक पेंशन की व्यवस्था वर्तमान नियम है।

रचनात्मक प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलू कॉपीराइट अधिकार के दायरे में आते हैं लेकिन जब जनरेटिव एआई कोई रचना तैयार करती है तो इसके लिए कोई स्पष्ट नियम नहीं है कि वह अपने स्रोत को इसका श्रेय दे । इसका एक विकल्प है कि डाटा के लिए एक तय फीस का भुगतान किया जाए।

एआई से गहराने वाला है रचनात्मकता का संकट

सिडनी (360इन्फो)। जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपने स्रोत को श्रेय देना पसंद नहीं करती। कलाकारों के लिए यही समस्या है। कुछ ही सालों के भीतर जनरेटिव एआई अचानक से एक नए प्रकार के रचनात्मक उपकरण के तौर पर क्रांतिकारी रूप में सामने आई है। केवल शब्दों के जरिए थोड़ी सी व्याख्या करने मात्र से अब कोई भी रचना तैयार की जा सकती है । अगर लोग इस क्रांति की तुलना फोटोग्राफी, फोनोग्राफ, सिंथेसाइजर या इंटरनेट से कर रहे है तो वे कहीं भी गलत नहीं है। पूर्व की रचनात्मक तकनीकों की तरह ही एआई मौजूदा रचनात्मक प्रक्रियाओं को बाधित कर रही है। लेकिन पारंपरिक रचनात्मक विधियों से मुकाबला करने से कहीं अधिक जनरेटिव एआई टूल्स उन पिछले रचनात्मक कार्यों, कलाकारों के श्रम और उनकी रचनात्मकता का भी शोषण कर रहे है जिनका इस्तेमाल कर जनरेटिव एआई को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसलिए इस मुद्दे पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि जनरेटिव एआई को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री से जुड़े अधिकारों से किस प्रकार निपटा जाना चाहिए।

उभरते हुए एआई दिग्गज, ओपनएआई और स्टेबिलिटीएआई समेत एक खेमे का तर्क है कि जेनरेटिव एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए दुनिया के रचनात्मक संग्रह का इस्तेमाल 'उचित उपयोग' है। उनका कहना है कि क्या ये एआई मॉडल आख़िरकार उन लोगों की तरह नहीं हैं जो इतिहास और अपने आस-पास की दुनिया से कला और सौंदर्यशास्त्र के बारे में सीखते है? इस मुद्दे में हिस्सेदारी रखने वाले अन्य लोग कलाकार और अन्य कॉपीराइट धारक है। भले ही वे दार्शनिक रूप से इस दृष्टिकोण की सराहना कर सकते है (और कई नहीं करते है), फिर भी वे इस बात को समझते है कि एआई प्रशिक्षण डेटा के रूप में उनके रचनात्मक कार्यों के उपयोग से इनकार करने के उनके मौजूदा बौद्धिक संपदा अधिकार को शामिल किया जाना चाहिए। उनके विचार में, कंपनियों को उनकी अनुमति लेने की जरूरत है।

रचनात्मक उद्योग के लिए स्थिति एक वास्तविक संकट है। रचनात्मक प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलू कॉपीराइट अधिकार के दायरे में आते है लेकिन जब जनरेटिव एआई कोई रचना तैयार करती है तो इसके लिए कोई स्पष्ट नियम नहीं है कि वह अपने स्रोत को इसका श्रेय दे । इसका एक विकल्प है कि डाटा के लिए एक तय फीस का भुगतान किया जाए। लेकिन यहां भी सवाल पैदा होता है कि क्या आप अपनी संगीत रचना या तैल चित्र के लिए एक अमरीकी डालर का एक अंश स्वीकार करेंगे जिसका उपयोग किसी ऐसे उत्पाद में किया जाएगा जो बिना क्रेडिट के आपकी रचनात्मक शैली की अंतहीन नकल तैयार कर सकता है? यही कारण है कि अब बहुत से लोग एआई द्वारा तैयार रचनाओं के लिए श्रेय दिए जाने के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रहे है।

अली फजल और ऋचा चड्ढा लांच करेंगे अपना फैशन ब्रांड

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड कपल अली फजल और ऋचा चड्ढा अपना खुद का फैशन ब्रांड लॉन्च करेंगे, जो स्थानीय कारीगरों पर ज्यादा फोकस करेगा। अपने लेबल के साथ, ये कपल भारतीय संस्कृति में कला के सबसे पुराने रूपों में नई जान डालेगा। कपल का लक्ष्य लखनऊ के स्थानीय कारीगरों का कायाकल्प करना है। इस बारे में एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने कहा : हम दोनों ने हमेशा जो कुछ भी किया है, उसमें जमीनी स्तर पर लोगों के लिए काम करने का प्रयास किया है। हम हमेशा स्थानीय समुदाय को बढ़ावा देना चाहते हैं। हमारे सामाजिक प्रयास भी कुछ ऐसे होते हैं, जिन्हें हम जमीनी स्तर से कानूनी स्तर तक करने का प्रयास करते हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जब हमारे मन में कारीगरों के लिए कुछ करने का विचार आया, खासतौर से लखनऊ के उन लोगों के लिए, जिनके पास कला का भंडार है, तो हम चाहते हैं कि यह लेबल उनके टैलेंट को प्रदर्शित करे। ऋचा ने कहा कि वह और उनके पति हमेशा स्थानीय कारीगरों की कला के कायल रहे हैं, खास तौर से कपड़ों में शानदार कारीगरी से। एक्ट्रेस ने अपने बयान में आगे कहा, आज के दौर में स्थानीय कला लुप्त होती जा रही हैं।

ज्वेल थीफ में काम करेंगे सैफ अली खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' में काम करते नजर आ सकते हैं। फिल्म 'ज्वेल थीफ' सिद्धार्थ आनंद के बैनर मलिक्स प्रोडक्शन के तहत बनाई जाएगी । यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी जिसमें सैफ अली खान और जयदीप अहलावत की मुख्य भूमिका होगी। फिल्म 'ज्वेल थीफ' का निर्देशन रॉबी ग्रेवाल करेंगे। रॉबी ग्रेवाल अपनी इस फिल्म की शूटिंग यूरोप के कुछ शहरों में करने का प्लान कर रहे हैं। उनकी योजना यूरोप में इस फिल्म के कुछ एक्शन सीन और गाने शूट करने की है।

'मैदान' का गाना टीम इंडिया हैं हम रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का गाना 'टीम इंडिया है हम' रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन



ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का गाना 'टीम इंडिया है हम' रिलीज हो गया है। गाने को ए.आर.रहमान ने संगीतबद्ध किया है। इस गाने को ए.आर. रहमान और नकुल अभ्यंकर ने गाया है, जबकि मनोज मुंतशिर, स्लो चीता और दविंदर सिंह ने गाने के बोल लिखे है।

'स्ट्रीट ड्रीम्स' शुभमन गिल की रील हुई वायरल

मुंबई (वार्ता)। हिप-हॉप आइकॉन डिवाइन और करण औजला के अल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स ने लोगों का दिल जीत लिया है। डिवाइन और करण औजला अपने नवीनतम अल्बम 'स्ट्रीट ड्रीम्स' के साथ सफलता की ऊंची उड़ान भर रहे है। अल्बम ने न केवल रिकॉर्ड तोड़े है बल्कि दिल भी जीते है। ऐसी ही एक शख्सियत जिन्होंने स्ट्रीट ड्रीम्स अल्बम पर प्यार बरसाया है वह है भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल। रील में शुभमन और उनके दोस्तों को गाने की संक्रामक धुनों पर थिरकते हुए, अपने दोस्तों के बीच खुशी फैलाते हुए दिखाया गया है। शुभमन गिल की उत्साहित रील के जवाब में, डिवाइन अपने उत्साह को रोक नहीं सके और उन्होंने टिप्पणी की, 100 मिल पार्रर, जबकि करण औजला ने गिल की ऊर्जा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा, जित्थे जावा ओथे यार ही कमाए जट्ट ने। तेनू लगदा के पैसे दी कमाएई कर ली।

खलनायक बनेंगे बॉबी देओल

मुंबई (आईएएनएस)। 'एनिमल' में अपने खतरनाक किरदार अबरार हक से तहलका मचाने वाले बॉबी देओल अब आलिया भट्ट के साथ आगामी जासूसी फिल्म में खलनायक की भूमिका को लेकर चर्चा में हैं। एक सूत्र की मानें तो, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में बॉबी देओल का शामिल होना, आदित्य चोपड़ा के बड़े फैसलों में से एक है! इस फिल्म में खूंखार खलनायक के किरदार से बॉबी फैंस के होश उड़ा देंगे। आने वाली फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं है। आलिया इसमें एक महिला एजेंट की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन वाईआरएफ के निर्देशक शिव रवैल ने किया है। रवैल इससे पहले 'द रेलवे मेन' का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म में शरवरी भी हैं, जो एक मिशन पर सुपर एजेंट के रूप में आलिया के साथ हैं।

मणिरत्नम ने पृथ्वीराज सुकुमारन के अभिनय की प्रशंसा की

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार मणिरत्नम ने पृथ्वीराज सुकुमारन की आने वाली फिल्म 'आदुजीविथम' में उनके अभिनय की प्रशंसा की है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों ब्लेसी द्वारा निर्देशित अपनी आने वाली फिल्म'आदुजीविथम (द गोट लाइफ)' को लेकर चर्चा में है। फिल्म 'आदुजीविथम' में पृथ्वीराज सुकुमारन के अभिनय की प्रशंसा करने वालों में मणिरत्नम भी है। उन्होंने ब्लेसी और पृथ्वीराज के सराहनीय प्रयासों पर प्रकाश डाला है। फिल्म के बारे में और पृथ्वीराज सुकुमारन के काम के बारे में बात करते हुए फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में मणिरत्नम का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने उल्लेख किया, पृथ्वीराज ने वास्तव में अद्भुत काम किया है। मुझे लगता है, पूरी टीम ने... अद्भुत! बधाई हो!! पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी मणिरत्नम की प्रशंसा का जवाब दिया, धन्यवाद सर!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार 1 मई को रिलीज होगी। हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित,'हीरामंडी' 'कोठों'में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडीः द डायमंड बाजार 01 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है। संजय लीला भंसाली ने कहा, मै पूरी टीम का आभार व्यक्त करता हूं उनके जुनून और समर्पण के लिए, जो उन्होंने 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' की दुनिया को नेटफ्लिक्स पर लाने के लिए दिखाई है। इसे 1 मई को रिलीज करने के साथ, हम दुनिया भर के दर्शकों को इसे देखने और अपना प्यार और सम्मान से हमें नवाजने का इंतजार नहीं कर सकता हूं।

हीरामंडीः द डायमंड बाजार
1 मई को होगी रिलीज

फातिमा सना शेख

बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल

मुंबई (आईएएनएस)। 2016 में आमिर खान स्टारर 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड में आठ साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में 'लूडो', 'अजीब दास्तां', 'थार', 'धक धक' और 'सैम बहादुर' जैसी शानदार फिल्में की हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं। चाहे 'दंगल' की गीता फोगाट हो या 'सैम बहादुर' में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटेड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती।

भूल भुलैया 3 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को खूब पसंद आई थी।'भूल भुलैया' के तीसरे पार्ट 'भूल भुलैया 3' में भी कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका है ।कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 में तृप्ति डिमरी फीमेल लीड में हैं। कार्तिक आर्यन ने तृप्ति डिमरी के साथ रुह बाबा बन एक फोटो शेयर की है।

कार्तिक आर्यन फोटो में भूल भुलैया 3 का क्लैपरबोर्ड लेकर खड़े है। कार्तिक रूह बाबा के गेटअप में नजर आ रहे है। वहीं तृप्ति डिमरी उनके बगल में खड़ी है। मांथे पर बिंदी लगाए तृप्ति ट्रेडिशनल लुक में दिख रही है। यह भूल भुलैया 3 से तृप्ति डिमरी का पहला लुक है। कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 के इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, टिंग टिंग टिंग टीडिंग टिंग टिंग... और हमने भूल भुलैया 3 का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। शेड्यूल के बीच यह छोटा सा ब्रेक मुझे एक्साइटेड कर देता है... रुह बाबा के केप में कुछ अलग जादू है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है ।भूल भुलैया 3 का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को ठेके

नई दिल्ली। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल और उसकी शाखाओं को 2,071 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। कंपनी के बयान के अनुसार नए ठेकों में विदेशी बाजारों में ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन (टीएंडडी) व्यवसाय के ठेके शामिल हैं। इसके अलावा उसे भारत में एक भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना के डिजाइन व निर्माण का ठेका भी मिला है। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड के एमडी व सीईओ मनीष मोहनोत ने कहा, 'ब्राजील में टीएंडडी ठेके तथा भारत में भूमिगत मेट्रो रेल-टनलिंग ठेके ने फास्टटेल और अर्बन इंफ्रा व्यवसाय के लिए विकास की संभावना को बढ़ा दिया है।'

कोटक ने किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक ने 537 करोड़ रुपये में एनबीएफसी सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, 'बैंक ने आज एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (एनबीएफसी) की जारी तथा भुगतान की गई पूंजी का 100 प्रतिशत करीब 537 करोड़ रुपये में हासिल कर लिया है। यह सूक्ष्म वित्त संस्था आरबीआई के साथ पंजीकृत है।' सोनाटा 549 शाखाओं के जरिए 10 राज्यों में काम कर रहा है। इसका 31 दिसम्बर 2023 तक 'एसेट अंडर मैनेजमेंट' (एयूएम) करीब 2,620 करोड़ रुपये था।

स्प्रिंकलर में नई नियुक्ति

नई दिल्ली। अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी स्प्रिंकलर ने अमिताभ मिश्रा को मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। मिश्रा एक अप्रैल 2024 से पदभार संभालेंगे। मिश्रा दुनिया भर में सभी आर एंड डी दलों का नेतृत्व करेंगे। वह स्प्रिंकलर के संस्थापक एवं सीईओ रैगी थॉमस के अधीन काम करेंगे। मिश्रा ने कहा कि वह स्प्रिंकलर के साथ जुड़ने को उत्साहित हूं। स्प्रिंकलर के संस्थापक एवं सीईओ रैगी थॉमस ने कहा कि कंपनी का सीटीओ उसके ग्राहकों, भागीदारों, कर्मचारियों और समग्र व्यावसायिक सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

टोयोटा के वाहन होंगे महंगे

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्पादन लागत तथा परिचालन खर्च में बढ़ोतरी के कारण एक अप्रैल से अपने चुनिंदा वाहनों की कीमतें एक प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि वह एक अप्रैल से अपने विशिष्ट माडलों के कुछ ग्रेड की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। टीकेएम ने कहा, 'कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि उत्पादन लागत और परिचालन खर्च बढ़ने की वजह से की जा रही है।' टीकेएम के पास हैचबैक ग्लैंजा से लेकर प्रीमियम स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) फार्च्यूनर जैसे वाहनों की श्रृंखला है।

आरआईएलआईएल में निवेश

नई दिल्ली। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी जियो लीजिंग सर्विसेज और उसके नामांकित व्यक्तियों ने नवगठित रिलायंस इंटरनेशनल लीजिंग आईएफएससी लिमिटेड (आरआईएलआईएल) में 2.50 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश किया है। आरआईएलआईएल की स्थापना एक फरवरी को की गई थी। यह जियो लीजिंग और रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड का 50:50 का संयुक्त उद्यम है। जियो ने कहा, 'जियो लीजिंग ने नामांकित व्यक्तियों के साथ आरआईएलआईएल के 10 रुपये के 25 लाख इक्विटी शेयरों की शुरुआती सदस्यता के लिए 2.50 करोड़ रुपये का निवेश किया है।'

100वां इंडेन बॉटलिंग संयंत्र

नई दिल्ली। सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन आयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने गुरुवार को कहा कि सितारगंज में उसके 100वें अत्याधुनिक इंडेन एलपीजी बाटलिंग प्लांट से एलपीजी भरे सिलेंडरों के पहले ट्रक की निकासी शुरू हो गई है। आठ घंटे में 17,000 सिलेंडर भरने की क्षमता वाले इस संयंत्र से उत्तराखंड व यूपी के कई जिलों के उपभोक्ताओं को रसाई गैस की आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी। संयंत्र उत्तराखंड के आठ जिलों, जिनमें अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चमावत, नैनीताल, पौडी, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश के दो जिले, जिनमें बरेली और पीलीभीत के ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति करेगा।

बड़े खुदरा ब्रांड को आकर्षित कर रहे हैं आध्यात्मिक शहर

■ अयोध्या, वाराणसी, तिरुपति, पुरी और अजमेर जैसे शहरों में खुदरा ब्रांडों की मांग में तेजी से हो रहा है इजाफा

नई दिल्ली (भाषा)।

आध्यात्मिक पर्यटन के लगातार बढ़ने के बीच खुदरा ब्रांड अयोध्या, वाराणसी, अमृतसर, पुरी, तिरुपति तथा अजमेर जैसे शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। साथ ही तीर्थयात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई उत्पाद भी पेश कर रहे हैं।

रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की ओर से बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट 'डिकोडिंग रियल एस्टेट थ्रू द स्पिरिचुअल टूरिज्म लेंस' में इस बात पर भी जोर दिया गया कि खुदरा श्रृंखलाएं भारत के 14 प्रमुख शहरों में आध्यात्मिक पर्यटन में वृद्धि का लाभ उठा रही हैं। रिपोर्ट में अमृतसर, अजमेर, वाराणसी, कटरा, सोमनाथ, शिरडी, अयोध्या, पुरी, तिरुपति, मथुरा, द्वारका, बोधगया, गुरुवायुर और मदुरै को इस खुदरा उछाल के प्रमुख शहरों के रूप में पहचाना गया है।

सीबीआरई के अनुसार, खुदरा ब्रांड बढ़ती पर्यटक आबादी की मांग को पूरा करने के लिए स्थापित मॉल समूहों और हाई-स्ट्रीट स्थानों दोनों में रणनीतिक रूप से पेशकश कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि अयोध्या में मान्यवर, रिलायंस ट्रेंड्स, रेमंड्स, मार्केट99, पैंटालून, डोमिनोज, पिज्जा हट और रिलायंस स्मार्ट ने अपने खुदरा स्टोर खोले हैं। मान्यवर, रिलायंस ट्रेंड्स, ज़ूडियो, पैंटालून, शॉपर्स स्टॉप, बर्गर किंग, डोमिनोज़, पिज़्ज़ा हट, मैकडॉनल्ड्स, स्पेंसर, रिलायंस स्मार्ट, क्रोमा और रिलायंस डिजिटल वाराणसी में मौजूद हैं।

सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमन मैगज़ीन ने कहा, 'भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का तेजी से विस्तार देश के आस्था-आधारित पर्यटन बाजार के विकास को बढावा दे रहा है।' उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने और तीर्थ स्थलों के बीच संपर्क में सुधार करने की सरकारी पहल इस विकास को और बढ़ावा दे रही है।

मैगज़ीन ने कहा, "आस्था-आधारित उत्पादों और सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने वाले ऑनलाइन खुदरा मंच का उदय भी इसका एक प्रमुख कारक है।' सीबीआरई इंडिया के प्रबंध निदेशक राम चंदनानी ने कहा, 'आध्यात्मिक पर्यटन की बढ़ती लोकप्रियता से प्रेरित होक निवेशक बाज़ार की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए सामने आ रहे हैं।'

कोल इंडिया की बिजली क्षेत्र को कोयला आपूर्ति लक्ष्य के पार

कोलकाता (भाषा)।

कोल इंडिया लि. की तापीय बिजलीघरों को कोयला आपूर्ति 61 करोड़ टन के लक्ष्य को पार कर गई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 27 मार्च तक 61.01 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की है। एक अधिकारी ने कहा, 'यह बिजली क्षेत्र को अबतक की सबसे अधिक कोयला आपूर्ति है।'

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कोल इंडिया की कोयले की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.93 करोड़ टन अधिक है। कंपनी के बयान के अनुसार, कोयला आधारित संयंत्रों में वर्तमान औसत दैनिक आपूर्ति 17.6 लाख टन है। यह बिजली क्षेत्र की बढती मांग को दर्शाता है।

बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर पड़ी धीमी

नई दिल्ली (भाषा)।

उर्वरक जैसे क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में सालाना आधार पर कुछ सुस्त पड़कर 6.7 प्रतिशत रही। हालांकि, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर इस साल जनवरी के मुकाबले अधिक है।

बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख क्षेत्रों... कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर जनवरी में 4.1 प्रतिशत थी। बीते वर्ष फरवरी में यह 7.4 प्रतिशत थी।

फरवरी के महीने में सालाना आधार पर घटकर 6.7 फीसद पर आई

कुल मिलाकर इन क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी में घटकर 7.7 प्रतिशत रही, जो बीते वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-फरवरी में 8.2 प्रतिशत थी। उर्वरक उत्पादन में वृद्धि में गिरावट आई है। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

अडाणी ने तांबा संयंत्र के पहले चरण का परिचालन शुरू किया

नई दिल्ली (भाषा)।

उद्योगपति गौतम अडाणी नीत समूह ने गुजरात के मुंद्रा में दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र का पहला चरण शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कच्छ कॉपर, समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, 'ग्राहकों को कैथोड की पहली खेप भेजकर ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी के पहले चरण का (लागत 1.2 अरब डालर में) परिचालन शुरू किया गया।' बयान के अनुसार, सुविधा के पहले चरण का संचालन शुरू हो गया है। इसमें प्रति वर्ष पांच लाख टन परिष्कृत तांबे का उत्पादन होगा। वित्त वर्ष 2029 (मार्च 2029) तक इसके पूरी तरह चालू होने पर 10 लाख टन तांबे का उत्पादन करने की उम्मीद है।

भारत, चीन और अन्य देशों की सूची में शामिल हो गया है जो तेजी से तांबे का उत्पादन बढा रहे हैं। यह जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कम करने के लिए महत्वपूर्ण धातु है। ऊर्जा बदलाव के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर फोटोवोल्टिक्स (पीवी), पवन और बैटरी सभी में तांबे की आवश्यकता होती है।

अडाणी व अंबानी के बीच पहली बार हुआ गठजोड़

■ रिलायंस ने अडाणी पावर के प्रोजेक्ट में ली 26 फीसद हिस्सेदारी

नई दिल्ली (भाषा)।

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर की मध्य प्रदेश में एक बिजली परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह पहला मौका है जबकि दो प्रतिद्वंद्वी अरबपति उद्योगपतियों के बीच किसी तरह का गठजोड़ हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

■ दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी है इस करार की सूचना

मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में भी पहुंचे थे गौतम अडाणी

दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड में 10 रुपये अंकित मूल्य (50 करोड़ रुपये) के पांच करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी और निजी उपयोग के लिए 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता का उपयोग करेगी। गुजरात के इन दोनों उद्योगपतियों को अक्सर मीडिया और समालोचकों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता रहा है। हालांकि, दोनों उद्योगपति एशिया के सबसे अमीर लोगों की सूची के शीर्ष दो पायदानों तक पहुंचने के लिए वर्षों से एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं।

अंबानी की रुचि तेल और गैस से लेकर खुदरा और दूरसंचार तक है तो अडाणी का ध्यान बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों, कोयला और खनन तक फैले बुनियादी ढांचे पर है। दोनों कारोबारियों ने स्वच्छ ऊर्जा खंड को छोड़कर शायद ही कभी एक-दूसरे का रास्ता काटा हो।

इस खंड में दोनों उद्योगपतियों ने कई अरब रुपये के निवेश की घोषणा की है। अडाणी समूह 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक बनने की आकांक्षा रखता है, जबकि रिलायंस गुजरात के जामनगर में चार गीगाफैक्टरी का निर्माण कर रही है। इनमें प्रत्येक फैक्टरी सौर पैनल, बैटरी, हरित हाइड्रोजन और ईंधन सेल के लिए है।

एयर टिकट पर अतिरिक्त भुगतान करते हैं 44% लोग

मुंबई (भाषा)। किसी उड़ान का टिकट खरीदते समय सीट के लिए बड़ी संख्या में भारतीयों को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है। एक सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 44 प्रतिशत लोगों ने अतिरिक्त शुल्क देने की शिकायत की है। 'लोकलसर्किल्स' के सर्वेक्षण में कहा गया है कि कई लोगों ने सीट आवंटन शुल्क के रूप में 200 रुपये से 2,000 रुपये के बीच भुगतान करने की भी जानकारी दी, जो हवाई यात्रा किराये का पांच से 40 प्रतिशत तक हो सकता है।



इसमें पिछले 12 माह में लोगों की उड़ान बुक करते समय मुफ्त सीट पाने की क्षमता में बहुत मामूली सुधार हुआ है। सर्वेक्षण के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं उपभोक्ता नियामक केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने पिछले साल के अंत में इस मुद्दे पर एयरलाइन कंपनियों की एक बैठक बुलाई थी। बैठक में उनसे कथित अनुचित व्यापार व्यवहार और 'मुफ्त' वेब चेक-इन के भ्रामक दावों के बारे में पूछताछ की थी। लोकलसर्किल्स ने कहा कि नए सर्वेक्षण में देश के 339 जिलों के उपभोक्ताओं से 41,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं। इसमें परिवार के सदस्यों, खासकर छोटे बच्चों के साथ यात्रा के लिए बुकिंग करते समय यात्रियों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

सर्वेक्षण के अनुसार, यदि कोई परिवार एक साथ बैठना चाहता है, तो उन्हें वास्तविक टिकट की कीमत से अधिक खर्च करना पड़ता है क्योंकि कई एयरलाइन पर अधिकतर सीटें 200 रुपये से 2,000 रुपये के अतिरिक्त भुगतान पर उपलब्ध होती हैं। अन्यथा परिवार के सदस्यों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठना होगा क्योंकि कुछ एयरलाइन में केवल मध्य सीट के लिए अतिरिक्त भुगतान की आवश्यकता नहीं होती है। सर्वेक्षण के अनुमान के अनुसार, कुछ एयरलाइन कंपनियां करीब 80 प्रतिशत सीट के लिए अब सीट आवंटन शुल्क लेती हैं।

जेटवेर्क को 1,400 ईवी चार्जर लगाने का ठेका

नई दिल्ली (भाषा)।

विनिर्माण से जुड़ी जेटवेर्क को सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन आयल कारपोरेशन (आईओसी) से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से चार्ज करने वाले 1,400 चार्जिंग स्टेशन लगाने का ठेका मिला है।

आईओसी ने 6,000 चार्जर के लिए निविदा जारी की थी। इसमें देशभर के 40 इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्तिकर्ता शामिल हुए। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, 'जेटवेर्क ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से चार्ज करने वाले चार्जर स्थापित करने को लेकर आईओसी से ऑर्डर हासिल किया है।

सोना 350 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की तेजी के साथ 77,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढत है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,194 डालर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 14 डालर की मजबूती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'ब्याज दरों को लेकर सकारात्मक धारणा के बीच सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही थीं, लेकिन डॉलर सूचकांक में बढोतरी से इसपर दबाव पड़ सकता है।' चांदी की कीमत मामूली तेजी के साथ 24.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

साइबर सुरक्षा जोखिम को तैयार नहीं हैं कंपनियां

नई दिल्ली (भाषा)। भारत में पांच प्रतिशत से भी कम कंपनियां साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिमों को लेकर तैयार हैं। एक अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है। इसमें कहा गया है कि इनमें से बड़ी संख्या में कंपनियों ने हालांकि स्वीकार किया है कि अगले 12-24 माह में इस तरह के जोखिमों से उनके कारोबार पर असर पड़ सकता है। बृहस्पतिवार को जारी '2024 सिस्को साइबरसिक्योरिटी रेडिनेस इंडेक्स' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में केवल चार प्रतिशत कंपनियां आज के खतरों से निपटने के लिए तैयार हैं, जबकि 59 प्रतिशत संगठन 'तैयारी के शुरुआती या प्रारंभिक चरण' में हैं।

इसमें कहा गया कि वैश्विक स्तर पर सिर्फ तीन प्रतिशत कंपनियां साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिमों से निपटने के लिए तैयार हैं। इस अध्ययन में निजी क्षेत्र की 8,136 कंपनियों को शामिल किया गया है, जिनमें 1,000 कंपनियां भारत की हैं। अध्ययन से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल 82 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि साइबर सुरक्षा संबंधी मामला अगले 12-24 महीनों में उनके व्यवसाय को बाधित करेगा।

इरेडा निदेशक मंडल ने कर्ज जुटाने को दी मंजूरी

नई दिल्ली (भाषा)।

इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 24,200 करोड़ रुपये का कर्ज लेने संबंधी प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार, यह कर्ज बान्ड, सतत ऋण माध्यम (पीडीआई), सावधि ऋण, वाणिज्यिक पत्र तथा बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिये जुटाया जाएगा। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने आज हुई अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 24,200 करोड़ रुपये तक के कर्ज प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

नोएडा एयरपोर्ट पर एचएमएस होस्ट की कैंटीन

■ कैफे, रेस्तरां एवं खानपान की अन्य दुकानों का परिचालन करेगी यह कंपनी

नोएडा (भाषा)।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनआईएएल) ने जेवर में निर्माणाधीन हवाई अड्डे पर रेस्तरां, कैफे और खान-पान की अन्य दुकानों के निर्माण और परिचालन का ठेका एचएमएसहोस्ट इंडिया को दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

एचएमएसहोस्ट इंडिया वैश्विक यात्रा कंपनी एवोल्टा एजी की अनुषंगी कंपनी है। इस कंपनी के 75 देशों के 1,200 स्थानों पर 5,500 बिक्री केंद्रों हैं। एनआईएएल ने खान-पान संबंधी दूसरा ठेका दिया है। एनआईएएल उत्तर प्रदेश सरकार, नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यीडा (यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) का संयुक्त उपक्रम है।

इससे पहले, एनआईएएल ने हवाई अड्डे पर एक विश्वस्तरीय लाउंज के साथ-साथ बहु-व्यंजन वाले भोजन और पेय केंद्र स्थापित करने के लिए छह मार्च को टीएफएस के साथ समझौता किया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में दिल्ली से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित हवाई अड्डे पर इस साल के अंत तक उड़ानों का परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।

2047 तक 8% की दर से बढ़ सकती है इकोनामी : सुब्रमण्यम

नई दिल्ली (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है।

सुब्रमण्यम ने कहा कि स्पष्ट रूप से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार आठ प्रतिशत की दर से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

वेंकट सुब्रमण्यम ने एक सम्मेलन में बृहस्पतिवार को कहा, 'पिछले 10 वर्षों में भारत ने जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं और सुधारों में तेजी लाएं तो भारत यहां से 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है।'

भारत की अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसम्बर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया।

सुब्रमण्यम ने कहा, 'अगर भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ता है, तो 2047 तक भारत 55000 अरब अमेरिकी डालर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।' आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक ने रोजगार सृजन के लिए विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी खासा जोर दिया।

फरवरी के अंत तक राजकोषीय घाटा सालाना लक्ष्य के 86.5 प्रतिशत पर

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष (2023-24) में फरवरी के अंत तक संशोधित लक्ष्य का 86.5 प्रतिशत या 15 लाख करोड़ रुपये रहा है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बीते वित्त वर्ष की समान अ?वधि में राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व का अंतर बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 82.8 प्रतिशत रहा था। चालू वित्त वर्ष (2023-24) में राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2024 तक सरकार की कुल प्राप्तियां 22.45 लाख करोड़ रुपये रही हैं। यह 2023-24 के संशोधित अनुमान का 81.5 प्रतिशत है।

रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83.39 प्रति डालर पर

मुंबई (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की बढती कीमतें और प्रमुख प्रतिद्वन्द्वियों मुद्राओं की तुलना में डालर के मजबूत होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83.39 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले रुपया 83.32 प्रति डॉलर पर खुला तथा कारोबार के दौरान 83.30 के दिन के उच्चतम स्तर तथा 83.40 के दिन के निचले स्तर तक जाने के बाद अंत में डालर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 83.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

आईपीएल रिकार्ड्स

अभिषेक शर्मा की फास्टेस्ट फिफ्टी

हैदराबाद के बैटर अभिषेक शर्मा ने टीम के लिए 16 गेंद में फिफ्टी लगाई। यह हैदराबाद के लिए आईपीएल में किसी भी बैटर की फास्टेस्ट हाफ सेंचुरी है। अभिषेक से पहले इसी मैच में ट्रैविस हेड ने 18 गेंद में 50 रन बनाकर डेविड वॉर्नर का 9 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था। हालांकि, आधे घंटे से भी कम समय में अभिषेक ने हेड का रिकॉर्ड तोड़ा और हैदराबाद के लिए नया रिकॉर्ड बना दिया।

पावरप्ले में हेड दूसरे टॉप स्कोरर बने

हैदराबाद के लिए एक इनिंग के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ट्रैविस हेड दूसरे नंबर पर आ गए। उन्होंने 59 रन बनाए और अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी डेविड वॉर्नर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए। पहले नंबर पर भी वॉर्नर ही हैं, जिन्होंने 2017 में कोलकाता के खिलाफ पावरप्ले में 62 रन बनाए थे। टी-20 मैच में पावरप्ले यानी एक से 6 ओवर का खेल।

हैदराबाद ने पहले 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाए

हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास के पहले 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया। टीम ने शुरुआती 60 गेंदों पर 148 रन बनाए। टीम ने मुंबई इंडियंस का उनके खिलाफ बनाया रिकॉर्ड भी तोड़ा। साल 2021 में अबू धाबी में मुम्बई ने हैदराबाद के खिलाफ ही 131 रन बनाए थे। हालांकि, इस मैच में मुम्बई ने फिर यह रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश की, लेकिन टीम नाकाम रही। मुंबई ने दूसरी पारी में विस्फोटक शुरुआत की और 10 ओवर में 141 रन बना दिए। टीम रिकॉर्ड तोड़ने से महज 8 रन दूर रही और रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर आ गई।

दूसरी बार सबसे ज्यादा बाउंड्री लगीं

हैदराबाद और मुम्बई के बैटर्स ने मिलकर आईपीएल मैच में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों टीमों ने मिलकर कुल 69 बाउंड्री लगाईं, बाउंड्री यानी चौके और छक्के दोनों। साल 2010 में भी सीएसके बनाम राजस्थान के मैच में चेपॉक के मैदान में कुल 69 बाउंड्री लगी थीं। अब 2024 में हुए मुकाबले ने इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

एक मैच में पहली बार 38 सिक्स लगे

टी-20 क्रिकेट में पहली बार एक मैच में 38 सिक्स लगे। बुधवार को हैदराबाद ने 18 और मुंबई ने 20 सिक्स लगाए। इससे पहले एक प्रोफेशनल टी-20 मैच में इतने ज्यादा सिक्स आज तक नहीं लगे थे। दोनों ने अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज की टी-20 लीग में बने रिकॉर्ड को तोड़ा। 2018 में अफगानिस्तान प्रीमियर लीग के दौरान बाल्ख लीजेंड्स और काबुल ज्वानान के बीच मुकाबले में 37 छक्के लगे थे।

एक मैच में पहली बार 520 से ज्यादा रन बने

हैदराबाद और मुंबई के बीच में 523 रन बने, जो टी-20 क्रिकेट के एक मैच में पहली बार हुआ। हैदराबाद ने 277 और मुंबई ने 246 रन बनाए। आईपीएल के इस मैच ने इंटरनेशनल क्रिकेट का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2023 में वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच हुए मुकाबले में सेंचुरियन के मैदान पर 517 रन बने थे। वेस्टइंडीज ने 258 रन और साउथ अफ्रीका ने 259 रन बनाए थे। इसी रिकॉर्ड के साथ आईपीएल का रिकॉर्ड भी टूटा। साल 2010 में चेन्नई और राजस्थान रॉयल्स ने मिलकर चेपॉक मैदान पर 469 रन बनाए थे।

जीत को तरसे कप्तान ऋषभ पंत, लगातार दूसरा मैच 12 रनों से हारे

रियान के आगे दिल्ली हुई पस्त

रियान पराग ने 45 गेंद में खेली नाबाद 84 रनों की पारी, राजस्थान की लगातार दूसरी जीत

● जयपुर

रियान पराग की 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की विस्फोटक पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नौवें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल को 12 रन से हरा दिया है। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 30 रन जोड़े। तीसरे ओवर में बर्गर ने मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिल्ली को पहला झटका दिया। बर्गर ने 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 23 रन बनाये। इसके बाद रिकी भुई बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 28 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल नौ रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 23 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। अक्षर पटेल 15 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन ही बना सकी और मुकाबला 12 रनों से हार गई। राजस्थान रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने दो- दो विकेट लिये। आवेश खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4	6
यशस्वी जयसवाल बोल्ड मुकेश	05	7	1	0
जॉस बटलर पगबाधा कुलदीप	11	16	0	0
संजू सैमसन कै. पंत बो. खलील	15	14	3	0
रियान पराग नाबाद	84	45	7	6
रवि अश्विन कै. स्टब्स बो. अक्षर	29	19	0	3
ध्रुव जुरेल बोल्ड नॉर्टे	20	12	3	0
शिमरॉन हेटमायर नाबाद	14	7	1	1

अतिरिक्त: 7, कुल: 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन, **विकेट पतन:** 1-9, 2-30, 3-36, 4-90, 5-185, **गेंदबाजी:** खलील अहमद 4-0-24-1, मुकेश कुमार 4-0-49-1, एनरिच नॉर्टे 4-0-48-1, अक्षर पटेल 4-0-21-1, कुलदीप यादव 4-0-41-1.

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
डेविड वॉर्नर कै. संदीप बो. आवेश	49	34	5	3
मिचेल मार्श बोल्ड बर्गर	23	12	5	0
रिकी भुई कै. सैमसन बो. बर्गर	00	2	0	0
ऋषभ पंत कै. सैमसन बो. चहल	28	26	2	1
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	44	23	2	3
अभिषेक कै. बटलर बो. चहल	09	10	0	0
अक्षर पटेल नाबाद	15	13	1	0

अतिरिक्त: 5, कुल: 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन, **विकेट पतन:** 1-30 , 2-30, 3-97, 4-105, 5-122, **गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 3-0-29-0, नांद्रे बर्गर 3-0-29-2, रवि अश्विन 3-0-30-0 आवेश खान 4-0-29-1, युजवेंद्र चहल 3-0-19-2, संदीप शर्मा 4-0-36-0.

ऋषभ पंत ने हासिल की उपलब्धि

यह ऋषभ पंत का दिल्ली टीम के लिए 100वां मैच रहा। वो यह उपलब्धि हासिल करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले अमित मिश्रा ही 99 मुकाबले खेल सके हैं। किसी टीम के लिए 100 आईपीएल मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी सुरेश रैना बने थे, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह उपलब्धि हासिल की थी।

यह रियान पराग 2.0 है

राजस्थान रॉयल्स के स्टार युवा खिलाड़ी रियान पराग ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दमदार पारी खेली। रियान पराग ने 45 गेंद में नाबाद 84 रन बनाकर न केवल रॉयल्स की पारी को संभाला बल्कि उन्हें 185 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। रियान की इस दमदार पारी के बाद टी20 किंग सूर्यकुमार ने उनकी तारीफ की। रियान पराग की पारी देख मुंबई इंडियंस और भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव ने एक महत्वपूर्ण खुलासा किया। सूर्यकुमार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पराग की सराहना की। सूर्यकुमार ने लिखा, कुछ हफ्ते पहले एनसीए में एक आदमी से मुलाकात हुई। वह थोड़ी परेशानी के साथ आया। पूरी तरह से रिकवरी पर ध्यान केंद्रित किया और बड़े अनुशासन के साथ अपने कौशल पर काम किया। मैं गलत नहीं था, मैंने वहां एक कोच से यह कहा कि वह एक बदला हुआ लड़का है। रियान पराग 2.0 से सावधान रहें।

घरेलू टूर्नामेंट में चला था पराग का बल्ला

गौरतलब हो कि रियान पराग ने घरेलू टी-20 टूर्नामेंट ने 10 पारियों में असम के लिए 510 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। पिछले हफ्ते आईपीएल 2024 में रॉयल्स के लिए पहले मैच में, पराग ने जायसवाल और बटलर के शुरुआती विकेटों के बाद संजू सैमसन के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की थी। साथ ही उन्होंने 29 गेंद में 43 रन बनाए थे।

पीवी सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

सिंधु ने हुआंग यू-हसुन को 21-14, 21-12 से हराया

● मैड्रिड

भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली।

पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। पिछले सत्र की उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी। सिंधू ने शुरुआती गेम में 3-0 की बढ़त बनायी लेकिन इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लय गंवा दी. वह लगातार शटल को नेट पर खेल रही थी जिससे उनकी बढ़त घट कर 7-6 हो गयी। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को 18-12 करने में सफल रही। सिंधू ने इसके बाद आठ गेम प्वाइंट हासिल किये और तीसरे प्रयास में उसे भुना कर पहला गेम जीत लिया।

छोर बदलने के बाद भी यू-हसुन का संघर्ष जारी रही। उनके पास सिंधू के ताकतवर प्रहार का कोई जवाब नहीं था। ताइवान की यह खिलाड़ी बार-बार शटल को कोर्ट के बाहर खेल रही थी। उन्होंने ड्रॉप शॉट और प्लेस्मेंट का इस्तेमाल किया लेकिन स्मैश में कोई ताकत नहीं होने से सिंधू को परेशान नहीं कर सकीं। इस गेम में सिंधू ने आठ मैच प्वाइंट हासिल किए और यू-हसुन के शटल को नेट पर खेलने के साथ ही मुकाबला जीत लिया। पिछले दो सप्ताह में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और स्विस ओपन में खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन की कैरोलिना मारिन के टूर्नामेंट से हटने के बाद सिंधू इस प्रतियोगिता में चैम्पियन बनने की मजबूत दावेदार हैं। सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपना पिछला खिताब 2022 सिंगापुर ओपन सुपर 500 में जीता था।

केकेआर में मुजीब की जगह 16 साल के गजनफर शामिल

राजस्थान रॉयल्स में कृष्णा के स्थान पर केशव महाराज आए

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चोटिल मुजीब उर रहमान की जगह टीम में अल्लाह गजनफर को शामिल किया है। 16 साल के ऑफ स्पिनर अफगानिस्तान के ही खिलाड़ी है।

दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा के रिप्लेसमेंट की घोषणा कर दी है। केशव महाराज को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया है। प्रसिद्ध कृष्णा ने हाल ही में अपने बाई थाई की मासपेशियों के दर्द से निपटने के लिए की सर्जरी कराई है और फिलहाल रिकवरी कर रहे हैं। अल्लाह गजनफर ने 2 वनडे मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है। युवा खिलाड़ी ने 3 टी20 और 6 लिस्ट ए मैच खेले हैं और उनके नाम क्रमशः 5 और 4 विकेट हैं।

महाराज अयोध्या स्थित राम मंदिर गए थे : लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ीयों के साथ केशव महाराज भी आईपीएल सीजन की शुरुआत से पहले अयोध्या स्थित राम मंदिर पहुंचे थे। दर्शन करने के बाद साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने कहा, राम मंदिर में एंट्री करते ही अपार ऊर्जा का अनुभव हुआ। भगवान राम का भक्त होने के नाते, उनके जन्म स्थान पर आना और भगवान का आशीर्वाद लेना सौभाग्य की बात है। इसके लिए मैं अपने आप को बहुत भाग्यशाली मानता हूं।

हनुमा विहारी को कारण बताओ नोटिस भेजा

हैदराबाद। आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने हनुमा विहारी को एक महीने के बाद कारण बताओ नोटिस दिया है। भारत के पूर्व बल्लेबाज ने एक महीने पहले उन्हें आंध्र के कप्तान के पद से हटाने के लिए एसोसिएशन में राजनीतिक हस्तक्षेप की बात कही थी। इसके बाद ही एसोसिएशन ने नोटिस भेजा है। विहारी ने अभी तक उस नोटिस का जवाब नहीं दिया है, जो कुछ दिन पहले बोर्ड की बैठक के बाद दिया गया था। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, हां, हमने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है और हम उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं। एसोसिएशन इस मुद्दे को लंबा नहीं खींचना चाहता। हनुमा विहारी ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 सीजन के पहले मैच के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। आंध्र को रणजी ट्रॉफी 2023-24 सीजन के क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ 4 रन से हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद विहारी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने एसोसिएशन के दबाव में कप्तानी छोड़ने की बात कही थी। विहारी ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 सीजन की शुरुआत आंध्र के कप्तान के रूप में की थी, लेकिन पिछले साल के रनरअप बंगाल के खिलाफ पहले मैच के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। रिकी भुई ने सत्र के बाकी मुकाबलों में टीम का नेतृत्व किया। विहारी ने उस समय कप्तानी छोड़ने के लिए, व्यक्तिगत कारणों को जिम्मेदार ठहराया था। लेकिन, बाद में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि एसोसिएशन ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा था। विहारी ने कहा, मैं बंगाल के खिलाफ पहले मैच में मैं कप्तान था। उस मैच के दौरान मैं 17वें खिलाड़ी पर चिल्लाया और उसने अपने पिता (नेता) से शिकायत की, बदले में उसके पिता ने एसोसिएशन से मेरे खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा।

एफआईएच एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष बने श्रीजेश

हॉकी महासंघ ने नई एफआईएच एथलीट समिति की घोषणा की

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पीआर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह-अध्यक्ष नियुक्त होने पर गुरुवार को बधाई दी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बुधवार को नई एफआईएच एथलीट समिति की नियुक्ति की घोषणा की, जिसका नेतृत्व सह-अध्यक्ष चिली की कैमिला कैरम और भारत के पीआर श्रीजेश करेंगे। जबकि कैमिला कैरम को कार्यकारी बोर्ड में सह-अध्यक्ष और एथलीट समिति का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के

गोलकीपर पीआर श्रीजेश सह-अध्यक्ष हैं, और वह कैरम के साथ योजना और बैठकों का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने कहा, पीआर श्रीजेश को एफआईएच के साथ ऐसी भूमिका निभाते हुए देखना खुशी की बात है, जिसका हॉकी खिलाड़ियों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उनके जैसे अनुभवी खिलाड़ी के पास एथलीटों की बेहतरी के लिए सलाह देने का अनुभव और दृष्टिकोण होगा। हम इस भूमिका में श्रीजेश का युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव देखने के लिए उत्सुक हैं। इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हम नई एफआईएच एथलीट समिति में सह-अध्यक्ष नियुक्त होने पर पीआर श्रीजेश को बधाई देना चाहते हैं।

सचिन तेंदुलकर ने रोहित शर्मा को दी स्पेशल जर्सी

हैदराबाद। बुधवार को हैदराबाद और मुम्बई के मैच से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को सचिन तेंदुलकर से एक स्पेशल जर्सी मिली। रोहित मुंबई इंडियंस के लिए अपना 200वां मैच खेल रहे थे, इसीलिए तेंदुलकर ने उन्हें जर्सी गिफ्ट की। रोहित आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं और वे एक दशक से अधिक समय से टीम का हिस्सा हैं। मुम्बई की स्पेशल जर्सी के पीछे रोहित के नाम के साथ 200 नंबर लिखा है।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए भारत की इन ठंडी जगहों पर घूमने जाएं

अप्रैल महीना ऐसा है जब पूरे देश में चिलचिलाती गर्मी शुरू हो जाती है। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। कोई बीच पर समुद्र में डुबकी लगाने पहुंचता है, तो कोई ठंडी जगहों पर घूमने का प्लान बनाते हैं। अगर आप भी गर्मी से बचना चाहते हैं तो किसी सुंदर और ठंडी जगह पर छुट्टियां बिताने जा सकते हैं। चलिए हम आपको इस लेख में भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहें, जहां आप अपने दोस्त, परिवार और पार्टनर के साथ हसीन पल को एन्जॉय कर सकते हैं।

डलहौजी- पहाड़ियों को सुंदर नजारा और सुकून के पल बिताने के लिए डलहौजी सबसे बेस्ट जगह है। समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद डलहौजी भारत का सबसे खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन माना जाता है। यहां पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल, झील-झरने और देवदार के पेड़ इस हिल स्टेशन की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। अप्रैल के महीने में चिलचिलाती गर्मी में भी डलहौजी का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। इसलिए यहां आप अप्रैल से लेकर जुलाई तक भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

हर्षिल वैली- उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद हर्षिल वैली किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यह एक ऐसी वैली है, जिसे एक्सप्लोर करने का सबका सपना होता है। यहां पर लगभग हर देशी और विदेशी पर्यटक देखा है। समुद्र तल से करीब 9 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद हर्षिल वैली का तापमान अप्रैल के महीने में 9 डिग्री सेल्सियस से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। यहां पर आप ट्रेकिंग से लेकर यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

पहलगाम- अप्रैल की गर्मी से बचने के लिए ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए आप जम्मू कश्मीर के पहलगान एक ऐसी जगह है, जहां किसी भी मौसम में घूमने का अलग ही मजा है। यहां पर 5 डिग्री सेल्सियस से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच तपमान रहता है। ठंडी हवाओं का मजा लेने के लिए देश के हर कोने से पर्यटक आते हैं। पहलगाम में आप तुलियन झील, शेषनाग झील, बीटा घाटी और मार्सर झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

गंगटोक- अप्रैल की भयानक गर्मी से बचने के लिए आप नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी शानदार जगह को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप गंगटोक की हसीन वादियों में घूमने के लिए पहुंच जाना चाहिए। हिमालय की गोद में मौजूद इसे नॉर्थ ईस्ट इंडियां का सबसे ठंडा प्रदेश भी माना जाता है।

मनाली- गर्मियों में ठंडी का मजा लेने के लिए मनाली घूमने जाना सबसे बेस्ट ऑप्शन है। हिमालय की गोद में मौजूद मानली अप्रैल से लेकर जुलाई की भयानक गर्मी से बचने के लिए सबसे बेस्ट जगह मानी जाती है।

लोकप्रियता

1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, किसी भी सीजन में पहले दिन का रिकॉर्ड बना

आईपीएल 2024 का ओपनिंग-डे 16.8 करोड़ दर्शकों ने देखा

● मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन के पहले दिन (उद्घाटन और मैच) रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने प्रसारण देखा। लीग के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर डिज्नी स्टार नेटवर्क ने गुरुवार, 28 मार्च को यह जानकारी दी। पहले दिन 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, जो कि किसी भी आईपीएल सीजन के शुरुआती दिन के लिए सबसे ज्यादा है। हालांकि, डेटा में आईपीएल-2020 सीजन शामिल नहीं है जो कोरोनो महामारी के दौरान यूएई में हुआ था। पहले दिन कुल 6.1 करोड़ दर्शकों ने डिज्नी स्टार नेटवर्क पर एक साथ प्रसारण देखा। यह भी एक रिकॉर्ड है। इस सीजन का पहला मैच मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया था।

आईपीएल के सीजन-17 की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार्स और सिंगर्स की परफॉर्मेंस देखने को मिली। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी में एआर रहमान, सोनू निगम, मोहित चौहान और नीती मोहन जैसे सिंगर्स ने अपने हिट गानों से समां बांध दिया

था। सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया था। आखिर में जय हो गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया। 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का आगाज जीत से किया था। नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड की लीडरशिप में उतरी सीएसके ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया।

पिछले साल के मुकाबले 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी

आईपीएल स्ट्रीमर ने दावा किया कि उसने आईपीएल 2023 के पहले दिन की तुलना में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। एक बयान में कहा गया है कि पहले दिन जियो सिनेमा पर कुल देखने का समय 660 करोड़ मिनट था। डिज्नी स्टार नेटवर्क पर आईपीएल 2024 का उद्घाटन वाले दिन सितारों ने भी समां बांधा था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी में विश्वकप चैंपियन, प्रतिष्ठित कोच और खेल के दिग्गजों सहित प्रतिभाओं की एक स्टार-स्टडेड लाइन-अप ने हिस्सा लिया था। इसमें पहली बार नवजोत सिंह सिद्धू कमेंट्री बॉक्स में लौटे और भारतीय टीम के विश्व चैंपियन हरभजन सिंह, इरफान पठान, रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर और के श्रीकांत के साथ भी कमेंट्री बॉक्स में शामिल हुए।

महिला टीम फीबा एशिय कप के मुख्य ड्रॉ में पहुंची

सिंगापुर, (एजेंसी)। भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम गुरुवार को अपने दोनों क्वालीफायर मुकाबलों में इंडोनेशिया और हांगकांग चीन को हराकर फीबा एशिया कप 2024 के मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई। वहीं पुरुष टीम मलेशिया से हारकर बाहर हो गई। आज यहां स्पोर्ट्स हब में खेले गये मुकाबले में भारत ने क्वालीफाइंग ड्रा सी 333 बास्केटबॉल मैच में पहले हांगकांग को 18-12 से और उसके बाद इंडोनेशिया को 20-13 से हराया। अंतिम क्वालीफायर में काव्या सिंगला की चोट के बावजूद, पुष्पा सेंथिल कुमार के नौ अंक ने इंडोनेशिया के खिलाफ भारत की जीत सुनिश्चित की। पुष्पा ने हांगकांग चीन के साथ मुकाबले में भी नौ अंक बनाए। इस बीच, भारतीय पुरुष 333 बास्केटबॉल टीम अंतिम क्वालीफाइंग ड्रा डी गेम में मलेशिया से 21-9 से हारकर बाहर हो गई। मुख्य ड्रा शुक्रवार को शुरू होगा जबकि फाइनल सहित नॉकआउट रविवार को खेला जायेगा।

महिलाओं के लिए बेस्ट हैं ये

करियर ऑप्शन

इन क्षेत्रों में रहती है डिमांड

आज के समय में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर खत्म हो चुका है। किसी क्षेत्र विशेष पर अब किसी एक का दबदबा नहीं रहा, हर सेक्टर में हर कोई प्रवेश कर रहा है। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में कुछ करियर ऑप्शन हैं जो महिलाओं को अच्छी सफलता दिला सकते हैं और इन क्षेत्रों में वे अच्छी खासी कमाई कर सकती हैं। जानिए इन क्षेत्रों के बारे में....

एयरोस्पेस इंजीनियर

एक एयरोस्पेस इंजीनियर एयरक्राफ्ट और स्पेसक्राफ्ट की डिजाइन, डेवलेपमेंट और प्रोडक्शन पर काम करता है। एक तो यह फील्ड बहुत शानदार है, दूसरा इसमें पैसा बढ़िया है। इसके अलावा महिलाओं के लिए ग्रोथ के बढ़िया चांसेस रहते हैं।

फार्मासिस्ट

फार्मासिस्ट हॉस्पिटल और फार्मास्यूटिकल कंपनियों के लिए काम करते हैं। ये हेल्थकेयर इंडस्ट्री में हमेशा से ही अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। वहीं, कोविड-19 के बाद से इस सेक्टर में बहुत उछाल आया है जो आगे भी कई वर्षों तक ऐसे ही बरकरार रहने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। लड़कियां इस फील्ड में करियर बना सकती हैं। इस फील्ड में शानदार सैलरी पर नौकरी बहुत ही आसानी से मिलती है।

वकील के रूप में

इस फील्ड में अगर आप किसी एक बीट में स्पेशलाइजेशन हासिल कर लें, जैसे कॉरपोरेट लॉ, इटिलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ या मेडिकल लॉ तो आप जबरदस्त कमाई कर सकते हैं। इसमें महिलाएं सफल करियर बना सकती हैं। ये हाइएस्ट पेईंग जॉब्स में से एक है।

सोशल मीडिया जॉब्स

इस फील्ड में करियर बनाकर लड़कियां बढ़िया कमाई कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस फील्ड में बहुत बदलाव आए हैं। एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ इस फील्ड में 5 से 10 लाख रुपये सालान तक आसानी से कमाए जा सकते हैं।

मार्केटिंग मैनेजर

महिलाएं इस फील्ड में भी आगे आ रही हैं और अच्छा पैसा कमा रही हैं। अनुभव के बाद इस क्षेत्र में बहुत बढ़िया सैलरी ऑफर होती हैं. ऐसे में आप साल 2024 में इस करियर ऑप्शन के बारे में भी सोच सकती हैं।

जमीन पर चलती नहीं

दौड़ती है ये मछली

आज आपको ऐसी मछली के बारे में बताते हैं जो जमीन पर सिर्फ चलती नहीं बल्कि दौड़ती है। शायद आपको इस पर यकीं न हो, लेकिन ये सच है। मछली का शरीर ऐसा होता है जिससे वह आसानी से तैर सकती है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि असल में मछली के पूर्वजों का जन्म जमीन पर ही हुआ है। आज भी मछलियों की कई ऐसी प्रजातियां हैं जो नदी के किनारों पर रहती हैं और जमीन और पानी दोनों में जीवित रह सकती हैं।

मडस्किपर्स- यह लंबे समय तक जमीन पर जीवित रहने में सक्षम है। ये मछलियां खुद को पानी से ज्यादा जमीन पर सहज पाती हैं। खास बात ये है कि इनका पेक्टोरन यानि पिछला हिस्सा इन्हें हवा में 2 फीट तक कूदने की आजादी देता है। जमीन और पानी में आने जाने के लिए ये मछलियां अपने शरीर

के तापमान को नियंत्रित करती हैं। जमीन पर होने पर वे अपनी त्वचा से सांस लेते हैं, क्योंकि इनकी त्वचा और मुंह दोनों ऐसे अंग हैं, जिससे ये मछलियां सांस ले सकती हैं। मडस्किपर्स ज्यादातर अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और एशिया के नमी वाले इलाकों में पाई जाती हैं, क्योंकि ये उथला पानी या दलदल ज्यादा पसंद करती हैं।

द वॉकिंग कैटफिश- फ्लोरिडा या उसके आसपास के इलाकों में ये मछलियां आम तौर पर जमीन पर चलती हुई देखी जा सकती हैं। ये अपने पेक्टोरल का प्रयोग कर सड़क पर चलती हैं। अन्य मछलियां की तुलना में ये ज्यादा लंबी होती हैं जो इन्हें सड़क पर चलने में मदद करते हैं।

द बिचिर्स- इस मछली के टेट्रोपोड होता है जो चार पैर की तरह दिखता है। इसमें फेफड़े और गलफड़े दोनों होते हैं। यह पानी और जमीन दोनों पर चल सकते हैं।

प्रर्वतन निदेशालय में नौकरी

जानें ईडी ऑफिसर के लिए

योग्यता और चयन प्रक्रिया

शराब घोटाले के आरोप में ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बीते दिनों गिरफ्तार कर लिया। ईडी यानी की एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट इसे प्रवर्तन निदेशालय भी कहते हैं। किसी भी घोटाले आदि में छापेमारी और गिरफ्तारी करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय का ही नाम आता है। आइए जानते हैं कि ईडी में नौकरी कैसे मिलती है, योग्यता क्या होनी चाहिए और चयनित कैंडिडेट को कितने रुपए सैलरी हर माह मिलती हैं।

ED या प्रवर्तन निदेशालय

प्रवर्तन निदेशालय की स्थापना वर्ष 1956 में की गई थी ये भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन एक विशेष वित्तीय जांच एजेन्सी है इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। ईडी के प्रमुख कार्यों में फेमा, 1999 के उल्लंघन से संबंधित मामले, हवाला लेन देन और फॉरेन एक्सचेंज रैकेटियरिंग आदि के मामले की जांच करना शामिल है।

ED के कार्य -

धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) : यह एक आपराधिक कानून है जिसे धन शोधन को रोकने के लिए और धन शोधन से प्राप्त या इसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने और उससे जुड़े मामलों के लिए बनाया गया है। प्रवर्तन-निदेशालय को अपराध की आय से प्राप्त संपत्ति की जांच करने, संपत्ति को अस्थायी रूप से संलग्न करने, अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने और विशेष अदालत द्वारा संपत्ति की जब्ती सुनिश्चित करवाते हुए पीएमएलए प्रावधानों के प्रवर्तन की जिम्मेदारी दी गई है।

विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) - यह एक नागरिक कानून है जो विदेशी व्यापार और भुगतान की सुविधा से संबंधित कानूनों को समेकित और संशोधित करने और भारत में विदेशी मुद्रा बाजार के व्यवस्थित विकास और रखरखाव को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय को विदेशी मुद्रा कानूनों और विनियमों के उल्लंघनों की जांच करने, कानून का उल्लंघन करने वालों को दंड देने और उन पर जुर्माना लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (एफ.ई.ओ.ए): यह कानून आर्थिक अपराधियों को भारतीय न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र से बाहर भागकर भारतीय कानून की प्रक्रिया से बचने से रोकने के लिए बनाया गया था। इस कानून के तहत ऐसे भगोड़े आर्थिक अपराधी, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए देश से भाग गए हैं, उनकी संपत्तियों को कुर्क करने और केंद्र सरकार को सौंपने की जिम्मेदारी देता है।

विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 (फेरा) के अंतर्गत एफइआरए के तहत मुख्य कार्य और इस अधिनियम के कथित उल्लंघनों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर सकता है, जिसके आधार पर संबंधित अदालतों में जुर्माना लगाया जा सकता है और एफइआरए के तहत शुरू किए गए मुकदमों को आगे बढ़ाया जा सकता है।

ऐसे मिलती है ED में नौकरी

ED में ग्रुप ए, बी और सी के विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाती है जिनमें से कुछ पदों पर डेप्यूटेशन के आधार पर जबकि कुछ पदों पर प्रोन्नति और भर्ती प्रक्रिया के आधार पर भर्ती की जाती है। ग्रुप ए के पदों पर डेप्यूटेशन बेसिस पर भर्तियां की जाती हैं इसके अंतर्गत स्पेशल डायरेक्टर, एडिशनल डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर, आदि पद आते हैं जबकि ग्रुप बी के कुछ पदों पर प्रमोशन से और अन्य पर सीधी भर्ती की जाती है। ग्रुप बी के असिस्टेंट एन्फोर्समेंट ऑफिसर पद के लिए स्स्ट द्वारा एक चयन प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती होती है और ग्रुप सी के पदों के लिए ED द्वारा समय-समय पर भर्ती प्रक्रिया के आधार पर भर्ती की जाती है।

ED AEO पदों के लिए योग्यता-

ED में सहायक प्रवर्तन अधिकारी बनने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को SSC CGL की परीक्षा पास करनी होती है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए और अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए, कुछ विशेष पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष भी होती है। अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट दी जाती है।

एविएशन फील्ड में बना सकते हैं बेहतरीन करियर

अगर आप 12वीं पास करने के बाद कुछ बेहतर करना चाहते हैं, लेकिन कंफ्यूज है कि किस फील्ड में जाना चाहिए तो आपके लिए ये आर्टिकल बेहद काम का हो सकता है। आप पायलट बनकर आसमान में ऊंची उड़ान भर सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के बारे में कम ही लोग सोचते हैं, क्योंकि जानकारी का अभाव रहता था। हालांकि, आजकल करियर के लिहाज से युवाओं के पास बहुत सारे अच्छे ऑप्शन अवेलेबल हैं। पायलट बनने के बाद आप लाखों रुपये तक कमा सकते हैं। अगर आप समय रहते इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने के बारे में सोचते हैं तो आप जल्दी ही करियर में ग्रोथ भी पा सकते हैं. इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में अवसरों की भरमार है।

क्वालिफिकेशन

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स सब्जेक्ट्स के साथ कम से कम 50 प्रतिशत अंकों से पास

होना जरूरी है। इसके बाद किसी एविशन संस्थान में एडमिशन के लिए एंट्रेस एग्जाम, मेडिकल टेस्ट और इंटरव्यू क्लियर करना होगा। इन सभी राउंड को क्लियर करने के बाद आपको इंस्टिट्यूट में दाखिला मिल जाता है। यहां पर आपको प्लेन से जुड़ी बारीकियां सिखाने के साथ ही उसे उड़ाने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है।

एयरफोर्स जॉइन करने का मौका

इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने की ख्वाहिश रखते हैं तो आपको 12वीं के बाद यूपीएससी एनडीए एग्जाम, एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम एग्जाम पास करना होगा, जिसके बाद चयनित उम्मीदवारों को इंडियन एयरफोर्स द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है। वहीं, बतौर पायलट इंडियन एयरफोर्स में नौकरी पाने के लिए कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम भी दे सकते हैं।

कमर्शियल पायलट

12वीं के बाद एविएशन संस्थान से ट्रेनिंग लेकर कॉमर्शियल पायलट भी बन सकते हैं। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद आपको कमर्शियल पायलट लाइसेंस के लिए फिटनेस टेस्ट और रिटेन एग्जाम देना पड़ता है। इसके बाद सफल कैंडिडेट्स कमर्शियल पायलट के तौर पर अपना करियर शुरू कर सकते हैं।

GENERAL KNOWLEDGE

- **दुनिया** के किस देश में सबसे ज्यादा मीट खाया जाता है?

उत्तर- अमरीका और ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा मांस खाया जाता है।

- भगवान श्रीराम को सुग्रीव के बारे में किसने बताया था?

उत्तर- भगवान श्रीराम को सुग्रीव के बारे में शबरी ने बताया था।

-आखिर लक्ष्मण जी किस शक्ति बाण से मूर्छित हो गए थे?

उत्तर- लक्ष्मण जी वीरघातिनी शक्ति बाण से मूर्छित हो गए थे।

- क्या आप बता सकते हैं कि आखिर अंगद और सुग्रीव के बीच क्या रिश्ता था?

उत्तर- अंगद और सुग्रीव के बीच चाचा और भतीजे का रिश्ता था।

- बताएं आखिर हनुमान जी के पुत्र का नाम क्या है?

उत्तर- हनुमान जी के पुत्र का नाम मकरध्वज था।

-पीले रंग की नदी किस देश में बहती है?

उत्तर- चीन में बहने वाली हुआंग ही नदी पीले रंग की नदी है।

-कौन का विटामिन सर्दी-जुकाम से शरीर की रक्षा करता है?

उत्तर- विटामिन- और विटिमिन - हमारी इम्यूनिटी को मजबूत रखते हैं।

- क्या आप बता सकते हैं कि आखिर वो कौन सा जीव है, जो कभी नहीं मरता, वह हमेशा जिंदा रहता है?

उत्तर- जेलिफिश ही वो जीव है, जो कभी नहीं मरती, वह हमेशा जिंदा रहती है।

-राष्ट्रीय हथियार दिवस कब मनाया जाता है?

उत्तर- राष्ट्रीय हथियार दिवस 7 अगस्त को मनाया जाता है।

-वह कौन सा देश है जहां इंसानों से ज्यादा कंगारू पाए जाते हैं?

उत्तर- ऑस्ट्रेलिया वो देश है, जहां इंसानों से ज्यादा कंगारू पाए जाते हैं।

-दुनिया में सबसे ज्यादा त्यौहार किस देश में मनाए जाते हैं?

उत्तर- दुनिया में सबसे ज्यादा त्यौहार भारत में मनाए जाते हैं।

- पागल कुत्ते के काटने से कौन सा रोग होता है?

उत्तर- पागल कुत्ते के काटने से रेबीज रोग होता है।

- वह कौन सा पेड़ है जिसके नीचे खड़े हुए तो जल जाएंगे?

उत्तर - इस पेड़ का नाम मैंशीनील है। वहीं इसका फल खाने से इंसान की मौत भी हो सकती है।

आम का पेड़

सुबह-सुबह दरवाजे पर दस्तक हुई। सोहन ने दरवाजा खोला। उसका दोस्त राकेश था। सोहन ने गर्मजोशी से राकेश का स्वागत किया-आओ मित्र बड़े मौके पर आए हो आज तुम्हारी भाभी आलू प्याज के पकोड़े बना रही है। सोफे पर बैठते हुए राकेश ने उदास मन से कहा- पकौड़े रहने दे यार, बस एक कप चाय पिला दे। पत्नी के लिए चाय बनाने के लिए बोलकर सोहन राकेश के बगल में आ बैठा। उसे अनमना देखकर पूछ लिया-क्या बात है राकेश, सब ठीक है ना कुछ परेशान नजर आ रहे हो। कुछ नहीं, मैं बहुत ज्यादा परेशान हूं- राकेश ने कहा। क्या हुआ? कामकाज जम नहीं रहा है। मतलब-सोहन नासमझ की मुद्रा में बोला। मतलब ये कि अब तक तीन बार धंधा बदल चुका हुं। मुनाफा तो दूर लागत भी नहीं निकलती है। गांठ के पैसे लग जाते है वो अलग। समझ नहीं आ रहा करू तो क्या करूं। वह रुआंसे स्वर में बोला। हर काम में वक्त लगता है राकेश। कितना लगता है सोहन! देख, पहले मैंने रेस्टोरेंट खोला तीन महीने बाद घाटा खाकर बंद करना पड़ा। उसके बाद सुपर मार्केट और अब इलेक्ट्रॉनिक आइटम की फ्रेंचाइजी ली है। लेकिन मेरी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। मेरी स्थिति पर ना सावन सूखा न भादों हरा कहावत चरितार्थ हो रही है। मेरे दादाजी कहते थे कोई भी व्यवसाय आम के पेड़ की तरह होता है। तीन चार साल तक खाद पानी दो। बच्चे की तरह देखभाल करो। यदि एक बार पेड़ लग गया तो वह वर्षों तक फल देता रहता है। धंधे का भी यही उसूल है किसी भी व्यवसाय में तीन-चार साल तक धैर्य रखकर खूब मेहनत करो। एक बार धंधा जम गया फिर अपने मजे है। मैंने रेडीमेड कपड़ों की दुकान खोली दो साल तक मंदी झेली। मगर मैंने अपना आपा नहीं खोया और अब देखो ईश्वर की कृपा से बढ़िया चल रही है। तुम भी कोई एक व्यवसाय में मन लगाओ। धैर्य रखो। मेहनत में कोताही नहीं करो और ईमानदार रहो। सब अच्छा होगा। चाय पीते पीते राकेश सोहन की बातों पर मंथन कर रहा था।

शोभा गोयल

महेंद्र व वीरेंद्र के बीच आए सत्येंद्र ने चंदौली लोकसभा चुनाव को बनाया दिलचस्प!

प्रखर डेस्क। पीएम मोदी की लोकसभा से सटे चंदौली लोकसभा में इस बार चुनाव के दौरान लड़ाई काफी दिलचस्प होने वाली है। चंदौली में भाजपा सपा, बसपा तीनो ने अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। बता दे कि इस बार महेंद्र, वीरेंद्र और सत्येंद्र के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वही महेंद्र नाथ पांडे इस बार अपनी हैट्रिक बनाने के लिए मैदान में ताल ठोकेंगे, तो राजनीति के मझे हुए खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह सपा की साइकिल के साथ कदमताल करके जीत का स्वाद चखने के लिए बेताब हैं। इन दोनों लोगों के बीच बसपा के सत्येंद्र अपने समाज के 2 लाख से अधिक वोटरों को साधने का प्रयास करेंगे। महेंद्र, वीरेंद्र और सत्येंद्र के बीच का यह त्रिकोणीय मुकाबला चंदौली लोकसभा में काफी दिलचस्प होने वाला है। डॉ महेंद्र नाथ पांडे मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री है और चंदौली लोकसभा से लगातार दो बार जीत कर संसद पहुंच चुके हैं। इस बार अपनी हैट्रिक लगाने के लिए पूरा जोर लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। बताते चले की 2014 की लोकसभा में महेंद्र नाथ पांडे ने एक तरफा भारी मतों से चुनाव जीतकर अपनी उपस्थिति साबित की थी। लेकिन 2019 की लोकसभा चुनाव में महेंद्र नाथ पांडे की जीत का अंतर बेहद ही कम हो गया। जो जीत का आंकड़ा 2014 में लाख में था, वह आंकड़ा 2019 में हजार की संख्या में आकर सिमट गया। लेकिन पिछले आंकड़े को देखते हुए महेंद्र नाथ पांडे का सफर इस बार आसान नहीं दिख रहा, क्योंकि सपा ने राजनीति के मझे खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह को चंदौली लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है ।जिनकी इन दिनों क्षेत्र में काफी चर्चा चल रही है। वही उड़ती- उड़ती खबर यह भी है कि चंदौली लोकसभा में महेंद्र नाथ पांडे को लेकर एक धड़े में नाराजगी भी है। जिसको लेकर आए दिन क्षेत्र में चचाएं देखने को मिल रही है। वही कुछ लोगो का कहना है कि इस बार भी लोकसभा का चुनाव प्रत्याशी को देखकर नहीं मोदी व भाजपा को देखकर ही लड़ा जा रहा है। जिससे महेंद्र नाथ पांडे की जीत की उम्मीद बढ़ जाती है। लेकिन अब चुनाव के बाद ही पता चलेगा कि ऊंट किस करवट बैठता है। एक बार चंदौली लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो, इस निर्वाचन क्षेत्र में यूपी विधानसभा की पांच सीटें आती हैं, जिनमें मुगलसराय, सकलडीहा, सैयदराजा, शिवपुर और अजगरा शामिल है। 1957 में पहली बार हुए लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के त्रिभुवन नारायण सिंह ने जीत दर्ज की थी। विरोधी के रूप में डॉ. राममनोहर लोहिया मैदान पर थे। इसके बाद 1959 में हुए उपचुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के प्रभु नारायण सिंह, 1962 में कांग्रेस के बालकृष्ण सिंह, 1967 संयुक्त सोशलिष्ट पार्टी के निहाल सिंह, 1971 में कांग्रेस के सुधाकर पांडेय, 1977 में भारतीय लोकदल के नरसिंह यादव, 1980

जनता पार्टी के निहाल सिंह, 1984 में कांग्रेस के चंद्र त्रिपाठी, 1989 में जनता दल के कैलाश नाथ सिंह यादव ने अपनी-अपनी जीत दर्ज किया।1991 में पहली बार बीजेपी ने अपना खाता खोला और 1998 तक भाजपा के आनंद रत्न मौर्या का यहां वर्चस्व कायम रहा। 1999 में भाजपा के इस विजय रथ को शराब के बड़े कारोबारी व सपा नेता जवाहर लाल जायसवाल ने रोक दिया। साल 2004 में बसपा के कैलाश नाथ सिंह ने इस सीट पर विजय हासिल की। वहीं साल 2009 में रामकिशुन यादव ने एक बार फिर से सपा को जीत दिलाई, लेकिन साल 2014 में मोदी लहर चली और भाजपा के महेन्द्रनाथ पाण्डेय ने जीत दर्ज किया। लेकिन 2019 की लोकसभा चुनाव में भाजपा के डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय के साथ सपा के संजय सिंह चौहान के बीच हुई कांटे की टक्कर में महेन्द्रनाथ पांडेय ने फिर से बाजी मार ली। इस चुनाव में कांटे की टक्कर के बाद डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय को कुल 5,10,733 वोट मिले थे जबकि सपा के संजय सिंह चौहान को 4,96,774 वोट से संतुष्ट होना पड़ा था। इसके बाद भाजपा सांसद डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय, केंद्रीय मंत्री मंडल में शामिल किये गए। वर्तमान में डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाले हुए है। बहरहाल, सपा के लिए 2024 का चुनाव काफी चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। कयास लगाया जा रहा है कि भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सपा ने क्षत्रिय जाति के उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के राजनीति कैरियर पर नजर डाले तो महेंद्र नाथ पांडेय का जन्म 15 अक्टूबर, 1948 को गाजीपुर के पखनपुर गांव में हुआ था। पत्रकारिता में मास्टर्स की डिग्री के साथ-साथ पीएचडी हासिल करने वाले डॉ0 महेन्द्रनाथ पांडेय ने अपनी शिक्षा वाराणसी से प्राप्त की। इस दौरान वह छात्र राजनीति में सक्रिय रहे। साल 1973 में वह सीएम एंग्लो बंगाली इण्टर कॉलेज से अध्यक्ष चुने गए तो वहीं 1978 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के महामंत्री भी बने। साल 1978 में ही वे आरएसएस से जुड़े। 1975-1976 में एवीबीपी के वाराणसी जिला संयोजक रहे। 1985-1986 में उनको भाजयुमो का प्रदेश मंत्री बनाया गया। 1987 में भाजपा उत्तर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य चुने गए। पहली बार 1991 में गाजीपुर जिले की सैदपुर विधानसभा से वह विधायक चुने गए। उन्होंने 1996 में भी दोबारा सैदपुर का प्रतिनिधित्व किया। और एक बार सरकार में मंत्री भी रहे। अब वीरेंद्र सिंह की बात करे तो मूलतः वाराणसी जनपद के चिरईगांव के निवासी हैं। इससे पहले वीरेंद्र सिंह कांग्रेस, बसपा और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर चुके हैं। वीरेंद्र सिंह ने चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया था। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी। 2003 में चिरईगांव विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उन्होंने बसपा के टिकट पर जीत हासिल की और दोबारा विधानसभा में पहुंचे। बसपा का साथ छूटने के बाद उन्होंने सपा का दामन थामा और पार्टी की ओर से लगातार कार्य करने लगे। बताया जा रहा है कि दिग्विजय सिंह के प्रयासों से 2012 में उन्होंने एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। हालांकि 2012 चुनाव के बाद उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और 2017 में फिर से बसपा का दामन थाम लिया। उन्हें बसपा रास नहीं आई और वह फिर से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। बीते नगर निकाय चुनाव के पहले सपा ने वीरेंद्र सिंह को राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब बसपा के प्रत्याशी सत्येंद्र मौर्य की बात करे तो, सत्येंद्र वर्ष 1995 से पार्टी से जुड़े हैं। वह वर्ष 2007 में बसपा के कुशवाहा भाईचारा समाज के वाराणसी जिलाध्यक्ष बने और वर्ष 2009 तक इस पद के दायित्वों का निर्वहन किया। सत्येंद्र वाराणसी के अजगरा विधानसभा सीट के गोसाईपुर गांव के निवासी है। पिछले दो दशकों से वो बसपा से ही अपनी राजनीति कर रहे हैं। चंदौली लोकसभा सीट पर मौर्या मतदाताओं की तादाद 2.40 लाख के करीब है। यादव वोटरों के बाद मौर्य वोटर्स ही निर्णायक साबित होते हैं। ऐसे में बसपा प्रत्याशी लड़ाई को रोचक बना सकता है।

आश्रय गृहों के निरिक्षण के लिए गठित समिति ने किया सरंक्षण गृहों का निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को आश्रय गृहों के निरीक्षण के लिए गठित की गयी समिति के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो न्यायालय, गाजीपुर, सदस्य विजय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर एवं सदस्या श्रीमती श्वेता नैन, अपर सिविल जज गाजीपुर द्वारा संरक्षण गृहों का निरीक्षण किया गया।स्व0 शिवपूजन पाठक बालगृह , बालिकाद्ध रस्तीपुर, सैदपुर, गाजीपुर का निरीक्षण किया गया। संस्था में आवासित बालिकाओं की संख्या उपस्थिति पंजिका के अनुसार उपस्थित रही। समिति द्वारा आवासित बालिकाओं को मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई,

कपडे. तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण का समुचित प्रबंध हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) गाजीपुर का निरीक्षण किया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे, तथा आवासित किशोर उपस्थिति पंजिका के अनुसार उपस्थित पाये गये। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर गाजीपुर को निर्देशित किया गया कि मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई, कपडे. तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। किसी भी बालक द्वारा किसी उत्पीड़न अथवा परेशानी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

प्रधानाध्यापिका के सेवानिवृति समारोह में भावुक हो गए बच्चे और अभिभावक

प्रखर वाराणसी। ब्लॉक चोलापुर के प्राथमिक विद्यालय देवानंदपुर में सरस्वती देवी (प्रधानाध्यापिका) के सेवानिवृत्ति के अवसर व कक्षा 5 के बच्चों का परीक्षा के उपरांत विदाई एवम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चोलापुर ब्रजेश राय थे। उन्होंने बताया कि सरस्वती देवी ने ना सिर्फ अपने विद्यालय को निपुण बनाया अपितु मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी तथा बी एस ए वाराणसी महोदय से निपुण विद्यालय सम्मान भी प्राप्त किया। सरस्वती देवी अन्य शिक्षकों के लिए आदर्श स्वरूप हैं। विद्यालय के अध्यापक व संकुल शिक्षक पवन कुमार सिंह ने बताया कि एक शिक्षक और मां कभी रिटायर नही

होते और सरस्वती देवी जैसी अध्यापिका तो कभी नहीं क्योंकि सरस्वती देवी जी इस विद्यालय का ख्याल अपने बच्चे की तरह, एक मां के रूप में रखती थीं। यही वजह रही कि सभी बच्चों व उनके अभिभावकों की आंखे इनकी विदाई पर नम हो गई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश जी ने बताया कि सरस्वती देवी जी एक समर्पित अध्यापिका हैं। समर्पित अध्यापकों के समस्त गुणों को एक शब्द में कहा जाय तो वो है सरस्वती देवी। इस अवसर पर ब्लॉक के अनेक विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, अनिल सिंह, जितेंद्र सिंह, दुर्गेश चौबे, बनारसी यादव, बंधु चौबे, पंकज मिश्रा आदि।

एकल विद्यालय की आचार्यों का किया गया सम्मान

प्रखर वाराणसी। बड़ागाव वाराणसी कुआर माता काली मंदिर पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा संचालित एकल विद्यालय संच फूलपुर एंव कठिराव की आचार्या बहनो को अंगवस्त्रम देकर किया गया सम्मानित मुख्य अतिथि वंश नरायन महिला महा विद्यालय मिजार्मुराद वाराणसी के प्रबन्धक एवं प्रवक्ता श्रीमान संजीव सिंह ने अंगवस्त्रम देकर सभी आचार्या को किया सम्मानित । शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा किसी भी देश समाज का निर्माण व विकास की रीढ़ शिक्षा है। सर्व समाज को शिक्षित किये विना सबका विकास अधूरा है। आचार्य बहने जो बच्चा विद्यालय नही जाते या जो कमजोर है इसलिए विद्यालय से भागते है उनको प्रशिक्षित कर शिक्षा व खेल के माध्यम से प्रेरित कर विद्यालय भेजने का कार्य सबसे बड़ा राष्ट्र भक्ति है इस अवशर पर विशिष्ट अतिथि संघ के सम्पर्क प्रमुख काशी विभाग श्रीमान सुरेन्द्र जी का प्रेरणास्पद उद्बोधन प्राप्त हुआ। समाज सेवी अभिषेक सारथी ने भी सम्मानित किया । इस अवसर पर

प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान कुआर एडवोकेट वृज लाल शर्मा छेत्र पंचायत सदस्य नागेश्वर सिंह खटौरा अरविंद सिंह हरिनाथपुर काली माता मंदिर पुजारी काली प्रसाद जी मण्डल कार्यवाह कुआर समरजीत जी, मण्डल कार्यवाह कठिराव अजय जी, खण्ड बौद्धिक प्रमुख अनिल खण्ड सेवा प्रमुख मुकेश, गो सेवा प्रमुख विष्णुदेव समाज सेवी रेखा पटेल संच प्रमुख जयन्ती, हिरामनी जी एकल अधिकारी बाबतपुर अंचल विकास राव ने एकल विद्यालय के बारे मे जानकारी देते हुए सभी का किया स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता भैयालाल विश्वकर्मा, दीपक प्रवीण विस्तारक रत्नेश सहित सैकड़ो लोग इस सम्मान समारोह मे सम्मिलित हुए कार्यक्रम का संचालन कृषि विशेषज्ञ आनन्द प्रकाश द्वारा किया गया।

सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति को बदलें जारहे तार और खंभे

प्रखर जखनिया गाजीपुर। स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु जर्जर तारों और खंभों को बदल कर नया लगने का कार्य किया जा रहा है।विभाग द्वारा नये खंभे व केविल लगाई जा रही है। यह कार्य मोंटी कार्लो कंपनी द्वारा किया जा रहा है। साइड पर कार्य कर रहे मजदूरों द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी कुलदीप मिश्रा द्वारा चेताया गया की बिना हेलमेट और बेल्ट के काम करते हुए पाए जाने पर कार्य से हटा दिया जाएगा। लापरवाही किसी तरह अक्षम्य है। गौरतलब हो कि साईड पर कार्य करने वाले मजदूर जांच के दौरान बिना हेलमेट और बेल्ट के कार्य करते हुए पाए गए थे। इस चेतावनी से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।बताया गया कि पूरे कस्बे में जल्द ही केबिल के माध्यम से विद्युत आपूर्ति दे दी जाएगी।

बंदा जेल में बन्द मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच हो : भाकपा माले

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाकपा माले ने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की बांदा में मौत की न्यायिक जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि अंसारी की मौत हत्या भी हो सकती है, इसलिए सच्चाई को सामने लाने के लिए न्यायिक जांच जरुरी है। भाकपा माले की जिला इकाई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि मौत से पहले पूर्व विधायक ने अदालत में एक बार कहा था कि उन्हें मारने के लिए खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे वे अस्वस्थ हो गए थे। पिछले दिनों जब इलाज के लिए उन्हें बांदा के मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया था, तब उनके बड़े भाई व सांसद अफजाल अंसारी ने उनसे मिलने के बाद कहा था कि मुख्तार को जहर देकर मारने की कोशिश की जा रही है। ताकि वे माफिया ब्रजेश सिंह के खिलाफ गवाही न दे सकें, क्योंकि मुख्तार की गवाही होने पर ब्रजेश को सजा हो सकती है। सांसद ने आरोप लगाया था कि मुख्तार को मारने की साजिश में जेलकर्मी, अफसर व सरकार की संलिप्तता है। इसी बीच मुख्तार की मौत और घटना में परिस्थिति जन्य साक्ष्य से उनकी हत्या की आशंका प्रबल हो जाती है। इसलिए मामले में न्याय करने के लिए निष्पक्ष और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो। भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा के नेतृत्व में भाकपा माले वरिष्ठ नेता व जिला कमेटी सदस्य कामरेड मोती प्रधान, कामरेड रामविलास यादव, कामरेड सगीर अहमद, डाक्टर फतेहमुहमद ने मुहम्मदाबाद में शोकाकुल परिवार से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया व दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं।

इंडियन ऑयल वाराणसी के तहत सैन्य स्टेशन वाराणसी में एक ग्राहक संवाद गतिविधि, एलपीजी सुरक्षा सेमिनार का आयोजन

वाराणसी। इंडियन ऑयल वाराणसी के तहत सैन्य स्टेशन वाराणसी (आर्मी सप्लाई डिपो) में 29 मार्च शुक्रवार को एक ग्राहक संवाद गतिविधि, विशेष रूप से एक एलपीजी सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया ` आईओसी के अधिकारी द्वारा एक गहन कक्षा सत्र आयोजित किया गया जिसके बाद वाराणसी फायर डिपार्टमेंट की टीम द्वारा एक लाइव आग युद्ध प्रदर्शन किया गया। सेमिनार के दौरान, मेजर तेजस्वी टांकसालकर (ओसी, सप्लाई डिपो) और उनकी 45 सैनिकों की टीम मौजूद थी यूपी पुलिस के फायर इंस्पेक्टर दीपक सिंह, उनकी टीम के साथ भी उपस्थित थे` इंडियन ऑयल का प्रतिनिधित्व कर रहे थे स्वप्निल गर्ग (आईबी सेल्स) और हर्षद दास (एलपीजी सेल्स) इवेंट चाय और स्नैक्स के साथ समाप्त हुआ। आर्मी अधिकारियों ने अपनी सराहना व्यक्त की जो आईओसीएल द्वारा एलपीजी सुरक्षा के ज्ञान को बढ़ावा देने के प्रयासों

की है` यह गतिविधि वाराणसी में आईओसी और सैन्य स्थान के बीच बेहतर टीम बॉन्डिंग को भी बढ़ावा दिया सम्पूर्ण रूप से, यह इवेंट एक प्रशंसनीय सफलता थी।

युवक की पिटाई, दो आरोपितों पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

प्रखर हरपुर-बुदहट गोरखपुर। थाना क्षेत्र के कुरसा में बोझ लेकर घर जा रहे युवक की पति और पत्नी ने पिटाई कर दी। उसका सिर फोड़ दिया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुरसा गांव निवासी प्रमोद पासवान पुत्र रामदरश खेत से सरसो का बोझ लेकर घर जा रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर अरविन्द उपाध्याय पुत्र राजमंगल एवं वीना उपाध्याय पत्नी अरविन्द उपाध्याय ने रास्ते में उसे रोक लिया और गाली गलौज देते हुए पिटाई कर दी। जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आई है। उतना ही नहीं पिटाई करने के बाद जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित घायल प्रमोद की मानें तो रंजिश के कारण मेरे साथ ऐसा हुआ है। थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिलते ही एससी- एसटी एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

मुख्तार की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का हुआ खुलासा!

प्रखर बांदा। माफिया मुख्तार अंसारी के शव को पोस्टमार्टम के बाद प्राथमिक रिपोर्ट में हृदय गति से मौत की पुष्टि हुई है । पोस्टमार्टम हाउस से निकले चिकित्सकों ने बताया कि पोस्टमार्टम में एक पीजीआई लखनऊ , तीन बांदा जिला अस्पताल व एक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक समेत पांच सदस्यीय टीम शामिल रही ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयगति रुकने से ही मौत की बात पता चली है ।

मास्टर ने छात्र की बेरहमी से कर दी पिटाई, पिता ने पुलिस को दी तहरीर

गोरखपुर। शुक्रवार को उरुवा थाना क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी अकलजीत ने थानाध्यक्ष उरुवा को तहरीर देखर प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर के हेडमास्टर पर उनके बेटे को बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि मास्टर की पिटाई से कक्षा छः में पढ़ाई करने वाले उनके बेटे मनीष के आंख पर गंभीर चोट आई है। वहीं, पीठ पर भी चोट लगा है। पीड़ित छात्र के पिता ने नामजद तहरीर देकर बेरहमी से उनके बच्चे की पिटाई करने वाले मास्टर पर कार्यवाही की मांग की है।

छात्र के आंख पर आई गम्भीर चोट, थाने पर दी तहरीर- मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्र मनीष उरुवा थाना एरिया के फत्तेपुर का रहने वाला है। घटना को पीड़ित छात्र के परिजन काफी नाराज हैं। वहीं, हेडमास्टर पर कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। बता दें कि बीते बुधवार को मास्टर ने कक्षा छः में पढ़ाई करने वाले छात्र राहुल की इस कदर पिटाई कर दी कि उसके आंख पर गंभीर चोट आ गयी है। परिजन डॉक्टर को दिखाएं तो गंभीर चोट लगने की जानकारी उन्हें हुई। उरुवा थानाध्यक्ष को दिए गए तहरीर में पीड़ित छात्र मनीष के पिता ने लिखा कि उनके बेटे ने मास्टर का चरण स्पर्श नही किया जिसको लेकर नाराज मास्टर ने उनके बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। बरहाल, तहरीर मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। एसओ उरुवा जटाशंकर ने बताया की मामले में तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जा रही।

संक्षिप्त खबरें

समाजसेवी सजलदीप गोस्वामी द्वारा किया जा रहा लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

नई दिल्ली। देश दुनिया में एक से बढ़कर एक सामाजिक कार्य करने वाले लोग हैं कोई किसी को खाना खिला रहा है कोई किसी कि परवरिश में सहायता कर रहा है, तरह तरह से लोग एक दूसरे की सहायता कर रहे और करनी भी चाहिए लेकिन इसी कड़ी में पिछले कई दिनों से एक नाम और जुड़ा है जो देश के कोने कोने में मिली लावारिश शवों का अंतिम संस्कार कर रहे है नाम है उनका गोस्वामी सजलदीप, इस तरह का कार्य करने के लिए दृण संकल्प की आवश्यकता होती हैं और बड़ी लगन के साथ गोस्वामी सजलदीप इस कार्य को कर रहे हैं। उनका कहना है कि हम सब को मिल कर समाज से जुड़ी हर समस्या का समाधान करने के लिए महनत करनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों कि सहायता की जा सके।उन्होंने कहा कि लावारिस शव का अंतिम संस्कार करने से पुण्य के साथ ही असीम शांति मिलती है।

कासिमाबाद पुलिस ने ऐनवीडब्लू के तहत एससी एसटी के वांछित 2 अपराधियों को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद के नेतृत्व में न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0 मुहम्मदाबाद गाजीपुर द्वारा वाद 215/23 धारा 406,420,504,506 भादवि व 3(1) द,ध व 3(2) एससी/एसटी एक्ट बनाम जयप्रकाश यादव पुत्र सतिराम यादव निवासी ग्राम मिरानपुर थाना कासिमाबाद गाजीपुर आदि नफर अभियुक्तगण के विरुद्ध गैर जमानतीय वारण्ट जारी किया गया था । मा0न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारण्ट का तामिला व गिरफ्तारी हेतु शुक्रवार को उप निरीक्षक बृजमोहन व उप निरीक्षक मनोज कुमार गिरी द्वारा अभियुक्तगण के निवास स्थान ग्राम मिरानपुर में दबिश दी गयी। अभियुक्तगण जयप्रकाश यादव पुत्र सतिराम यादव तथा अभिषेक यादव पुत्र रामाशीष यादव निवासीगण ग्राम मिरानपुर थाना कासिमाबाद गाजीपुर अपने घर पर मौजूद मिले। जिन्हे मा0न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारण्ट से अवगत कराते हुए समय 00.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक बृजमोहन थाना कासिमाबाद, उप निरीक्षक मनोज कुमार गिरी थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

गाजीपुर पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों मे किया 02 तमंचा व जिंदा कारतूस सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुल्लहपुर पुलिस टीम के द्वारा 01 अभियुक्त आशीष यादव पुत्र राजेश यादव निवासी पदुमपुर कोडरा थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर को पदुमपुर धामुपुर बार्डर मगही नदी के पुल पर गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना दुल्लहपुर पर मु0अ0सं0 41/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रितेश द्विवेदी थाना दुल्लहपुर, हेड कांस्टेबल राजेश पाण्डेय थाना दुल्लहपुर, कांस्टेबल जीलाजीत वर्मा थाना दुल्लहपुर शामिल रहे। जबकि रामपुर माझा थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक गजेन्द्र राय मय हमराहीगण के द्वारा गुरुवार को समय 23.20 बजे पहाड़पुर पुलिया बहद ग्राम पहाड़पुर थाना क्षेत्र रामपुर मांझा, जनपद गाजीपुर से अपराधी के कब्जे से एक अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर की बरामदगी करते हुए गिरफ्तारी की गयी है , जिसके संबंध में मु0अ0सं0 0025/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत करते हुए अग्रेतर कार्यवाही अमल में लायी जा रही है । गिरफ्तार करने वाला पुलिस टीम में उप निरीक्षक गजेन्द्र राय थाना रामपुर माँझा, कांस्टेबल सन्दीप मौर्य थाना रामपुर माँझा, कांस्टेबल कुलदीप चौधरी थाना रामपुर माँझा जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

पास्को एक्ट का अपराधी चढ़ा नन्दगंज पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भुडकुड़ा महोदय के निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को थाना नंदगंज की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में मामूर होकर शादियाबाद मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था कि मुखबिर खास कि सूचना के आधार पर पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त प्रकाश बिन्द पुत्र फेकन बिन्द निवासी ग्राम सिरगिथा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को सहेड़ी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

डीपी एक्ट में वांछित 3 अभियुक्तों को नोनहरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्वेक्षण में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 15/24 धारा 498अ/304B भा0द0वि0 व 3/4 DP ACT से सम्बन्धित अभियुक्तगण अनिल यादव पुत्र मिरजा यादव उम्र 24 वर्ष, मिरजा यादव पुत्र स्व0 देवनाथ यादव उम्र 59 वर्ष, कुसुम देवी पत्नी मिरजा यादव उम्र करीब 55 वर्ष समस्त निवासी गण ग्राम गजिया गठिया थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को शुक्रवार को समय 10.30 बजे उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार दूबे मय हमराह द्वारा ग्राम गजिया गठिया से हिरासत पुलिस में लिया गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं